卐 श्री सदगुरू देवाय नमः 卐 卐 ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐 卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धोः सलिलं सलीलं,यः शोकवह्निं जनकात्मजायाः आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त
हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 24 ♦अंक 67 ♦पृष्ठ 8 ♦रूद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦बृहस्पतिवार ♦14 दिसम्बर 2023 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com | 9897427585 | UTTARANCHAL DARPAN | www.uttaranchaldarpan.in



GAGNEJA PROPERTIES
CONTACT FOR SALE, PURCHASE RENT & LEASE
✔ Shops ✔ Houses
✔ Industrial Property
✔ Commercial Property
✔ Agriculture Land
REAL ESTATE WITHOUT THE HASSLE
MO.-8630672525,8279444462
ADD- SRA F69, Shop No.4, Adarsh Colony, Rudrapur


# सुरक्षा में चूक पर संसद में हंगामा

## सांसद डेरेक ओ ब्रायन सस्पेंड, हंगामे के चलते स्थगित रहा लोकसभा-राज्यसभा सदन

नई दिल्ली (उद ब्यूरो)।संसद में सुरक्षा चूक को लेकर विपक्ष लगातार सरकार पर हमलावर है। विपक्ष के सांसद दोनों सदनों में हंगामा कर रहे हैं, जिसको देखते हुए दोनों सदनों की कार्यवाही दोपहर 2 तक स्थगित कर दी गई है। वहीं राज्यसभा में हंगामा कर रहे टीएमसी सांसद डेरेक ओ ब्रायन को सदन से सस्पेंड कर दिया गया है। राज्यसभा ने 'अपमान जनक (शेष पृष्ठ सात पर)



### संसद भवन के आस-पास बढ़ाई सुरक्षा

नई दिल्ली। संसद की सुरक्षा में चूक के बाद सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट पर आ गई हैं। संसद और आस पास के इलाकों को अभेद किले में तब्दील कर दिया गया है। यहां भारी पुलिस और सुरक्षाबलों की तैनाती की गई है। सुरक्षाबल इस इलाके से गुजरने वाले हर वाहन और व्यक्ति की गहन चेकिंग कर रहे हैं। इतना ही नहीं लोकसभा सचिवालय ने बुधवार को सांसदों को नए भवन तक पहुंचने के लिए अपने श्स्मार्ट कार्डश तैयार रखने के लिए कहा गया है। लोकसभा सचिवालय की ओर से बताया गया कि संसद परिसर में लोकसभा और राज्यसभा लॉबी और कुछ अन्य स्थानों पर फेशियल रिकॉग्निशन सिस्टम की सुविधा प्रदान की गई है। सचिवालय की ओर से कहा गया है कि कई सदस्यों के पास स्मार्ट कार्ड हैं, जिन लोगों ने विजिटर्स मैनेजमेंट सिस्टम के लिए रजिस्टर नहीं कराया है, वे करा लें। इसके अलावा अगले आदेश तक विजिटर( शेष पृष्ठ सात पर)

### सुरक्षा से जुड़े आठ लोग हुए निलंबित

नई दिल्ली।संसद की सुरक्षा में बुधवार को हुई चूक के मामले में बड़ी कार्रवाई की गई है। संसद भवन सुरक्षा स्टाफ से जुड़े हुए 8 लोगों को सस्पेंड कर दिया गया है जिन 8 लोगों को सस्पेंड किया गया है, उनके नाम रामपाल, अरविंद, वीरदास, गणेश, अनिल, प्रदीप, विमित, नरेंद्र बताए जा रहे हैं। संसद भवन सुरक्षा चूक मामले में अब (शेष पृष्ठ सात पर)

# उपमहापौर चुनाव का इंतजार करते-करते कार्यकाल खत्म

काशीपुर( उद संवाददाता)। उत्तराखंड के पुराने आठों नगर निगमों के पार्षदों का कार्यकाल उपमहापौर चुने जाने का इंतजार करते-करते समाप्त हो गया। राज्य चुनाव आयोग को शासन द्वारा आरक्षण सम्बन्धी अधिसूचना उपलब्ध न कराने से उपमहापौर का चुनाव नहीं हो सका। यह बड़ा खुलासा सूचना अधिकार कार्यकर्ता नदीम उद्दीन को राज्य निर्वाचन आयोग उत्तराखंड द्वारा उपलब्ध करायी गयी सूचना से हुआ। काशीपुर निवासी सूचना अधिकार कार्यकर्ता नदीम उद्दीन ने राज्य निर्वाचन आयोग के लोक सूचना अधिकारी से नगर निगमों के उप महापौर /डिप्टी मेयर के चुनाव सम्बन्धी सूचना मांगी थी इसके उत्तर में राज्य निर्वाचन आयोग के लोक सूचना अधिकारी/ सहायक आयुक्त राजकुमार वर्मा द्वारा अपने पत्रांक 804 से सूचना उपलब्ध करायी है। इससे पूर्व पत्रांक 4302 से 2020 तक की सूचना उपलब्ध करायी गयी है। कानून के जानकार तथा नगर निगम चुनाव कानून सहित 44 कानूनी व जागरूकता पुस्तकों के लेखक नदीम उद्दीन ने बताया कि नगर निगम अधिनियम की धारा 10 के अनुसार नगर निगम में एक उपमहापौर का प्रावधान है जिसे महापौर की स्थायी व अस्थायी अनुपस्थिति में उसके कार्यों को करने का अधिकार होता है। इसके अतिरिक्त धारा 54 के अनुसार वह नगर निगम की विकास समिति का पदेन सभापति होता है। उप महापौर को पार्षदों द्वारा पार्षदों में से चुना जाता है और इसके चुनाव पर आरक्षण नियम लागू होते हैं। उप महापौर का कार्यकाल ढाई वर्ष या पार्षद के रूप में उसके कार्यकाल, जो भी पहले हो तक होता है। इस प्रकार एक महापौर/निगम के कार्यालय में दो बार उपमहापौर का चुनाव होना चाहिये। उत्तराखंड में पुरानें 8 नगर निगम है। उत्तराखंड गठन के बाद पहले नगर निगम देहरादून का गठन 2003 में तथा 2011 में दो नगर निगम हरिद्वार व हल्द्वानी का गठन हुआ। इसके बाद 2013 में तीन नगर निगम रूद्पुर काशीपुर तथा रूड़की तथा 2017 मे ऋषिकेश तथा कोटद्वार नगर निगम का गठन हुआ। देहरादून नगर निगम में ही केवल 2003 व 2006 में उप महापौर/उप नगर प्रमुख/डिप्टी मेयर के चुनाव राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा कराये गये है। श्री नदीम को उपलब्ध सूचना के अनुसार 2003 के चुनाव में उमेश शर्मा तथा 2006 के चुनाव में अजीत रावत देहरादून के डिप्टी मेयर चुने गये थे। इसके बाद 2008 में पार्षदों के चुनाव के बाद तथा 2011 में डिप्टी मेयर का कार्यकाल पूरा होने पर 2013 में पार्षदों के चुनाव के बाद तथा 2016 में कार्यकाल पूरा होने पर तथा 2018 में तथा ढाई वर्ष बाद 2020 में डिप्टी मेयर का चुनाव होना चाहिये था इस प्रकार देहरादून के पार्षद अब तक छः बार डिप्टी मेयर चुनने व चुने जाने के अवसर से वंछित रहे है। काशीपुर रूद्रपुर, हल्द्वानी, हरिद्वार तथा रूड़की नगर निगम में पहले पार्षद व महापौर चुनाव 2013 मे हुये। इसके उपरान्त 2013 में तथा कार्यकाल पूरा होने पर 2016 तथा 2018 तथा 2020 में डिप्टी मेयर/उपमहापौर का चुनाव होना चाहिये था जो नहीं कराया गया। इन नगर निगमों में पार्षद चार बार उपमहापौर चुनने व चुने जाने के अधिकार से वंछित रहे है। सबसे नये नगर निगम ऋषिकेश (शेष पृष्ठ सात पर)

**शासन द्वारा आरक्षण अधिसूचना उपलब्ध न कराने से नहीं हुआ चुनाव**

**जनता व जनप्रतिनिधियों के लोकतांत्रिक अधिकारों का हो रहा है हनन**

# नजूल नीति की समय सीमा हुई समाप्त

## हजारों लोगों की मालिकाना हक की आस अब भी अधूरी

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। प्रदेश में नजूल नीति की समय सीमा समाप्त हो गयी है। जिससे नजूल भूमि पर फ्रीहोल्ड की आस लगाये हजारों लोगों का सपना एक बार फिर अधूरा रह गया है। बता दें नजूल भूमि पर बसे हजारों परिवारों को मालिकाना हक देने के लिए प्रदेश सरकार ने विधानसभा सत्र में उत्तराखंड नजूल भूमि प्रबंधन, व्यवस्थापन एवं निस्तारण विधेयक पारित किया था। राजभवन ने उक्त विधेयक को मंजूरी के लिए राष्ट्रपति भवन के जरिए गृह मंत्रालय को भेजा था, जिसे अब तक हरी झंडी नहीं मिली। फिलहाल आवास विभाग नजूल आवंटन, फ्री होल्ड जैसे काम अस्थानीय नजूल नीति के जरिए कर रहा है। लेकिन इस नीति की समय सीमा भी 10 दिसंबर को समाप्त हो गई। इस बीच, आवास विभाग नजूल नीति की समयसीमा बढ़ाने की तैयारी कर रहा है, पर पिछले सप्ताह आयोजित कैबिनेट बैठक में उक्त प्रस्ताव पेश नहीं हो पाया। इससे फिलहाल प्रदेश में नजूल नीति अप्रभावी हो चुकी है। अब विभाग समयसीमा एक बार फिर बढ़ाने का प्रस्ताव आगामी कैबिनेट में रखने की तैयारी में है। फिलहाल नजूल नीति की समय सीमा समाप्त होने से हजारों लोगों का मालिकाना हक का सपना एक बार फिर अधूरा रह गया है। रुद्रपुर में करीब 24 हजार से अधिक परिवार नजूल भूमि पर बसे हुए हैं। इसके साथ ही शहर में मुख्य बाजार तक नजूल की भूमि पर बसे हैं। इस कारण नजूल (शेष पृष्ठ 7 पर)






# बाईक की किश्तों समेत बैंककर्मी फरार

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। बैंक से फाइनेंस कराकर ली गई बाईक की तीन कश्तें समेट कर बैंक कर्मी फुर्र हो गया। मामले की जानकारी पुलिस को दे दी गई है।जगपाल पुत्र महेन्द्र निवासी ग्राम मुन्डीया खुर्द कालोनी बिलासपुर ने बताया कि उसने एक बाईक संख्या यूपी 22 बीए 2390 हल्द्वानी रोड स्थित एक बैंक से फाइनेन्स करवायी थी। उसी बैक में काम करने वाला एक व्यक्ति जो भूरारानी का रहने वाला है उससे किस्ते ले जाता था। एक महीने की किस्त 3453 रूपये थी। दो किस्ते उसने उक्त व्यक्ति को नगद दी थी एव एक किस्त आनलाईन ट्रासफर की थी। लेकिन उक्त व्यक्ति ने कोई किस्त बैक में जमा नही की और बैक से काम भी छोड़कर भाग गया।

# बिंदूखेड़ा में पकड़ा अवैध शराब का जखीरा,दो तस्कर गिरफ्तार

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। कोतवाली पुलिस ने गश्त के दौरान मुखबिर की सूचना पर ग्राम बिंदूखेड़ा में औचक दबिश देकर भट्टी में अवैध शराब बना रहे दो लोगों को गिरफ्तार कर मौके पर शराब भट्टी तथा हजारों लीटर लाहन नष्ट कर भारी मात्रा में अवैध शराब व शराब बनाने के उपकरण कब्जे में ले लिए। पकड़े गये दोनों लोगों के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। जानकारी के अनुसार उ.नि. मुकेश मिश्रा, कानि. रघुनाथ, जागन सिह व दिनेश के साथ गश्त करते एमिनीटी पब्लिक स्कूल के पास मोड पर पहुचे तो मुखबिर की सूचना पर ग्राम रायपुर मे डिमरी नदी किनारे गये। जहां शराब की भट्टी चल रही थी। एक व्यक्ति शराब बनाता दिखाई दिया। पुलिस को देखकर वह भागने लगा। (शेष पृष्ठ सात पर)



# एनएसए अजीत डोभाल से मिले डीजीपी अभिनव कुमार



देहरादून। उत्तराखंड के कार्यवाहक पुलिस महानिदेशक अभिनव कुमार ने नई दिल्ली में राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजीत डोभाल से शिष्टाचार भेंट की। उन्होंने एनएसए को राज्य की आंतरिक सुरक्षा की जानकारी दी और चुनौतियों से निपटने में उनका मार्गदर्शन लिया। सामरिक दृष्टि से महत्वपूर्ण उत्तराखंड में आंतरिक सुरक्षा से लेकर तमाम सीमावर्ती मुद्दों को लेकर केंद्र सरकार भी बेहद गंभीर रहती है। चीन के साथ ही नेपाल और चीन के कब्जे वाले तिब्बत की सीमाएं भी उत्तराखंड से मिली हुई हैं। इन सीमाओं पर अक्सर संबंधित देशों की ओर से हलचल रहती है। चीन की विस्तारवादी नीतियों को ध्यान में रखते हुए केंद्र सरकार समय-समय पर उत्तराखंड पुलिस और अन्य खुफिया एजेंसियों से फीडबैक भी लेती है। इसी क्रम में उत्तराखंड के कार्यवाहक डीजीपी अभिनव कुमार ने बुधवार को एनएसए से मुलाकात कर कई महत्वपूर्ण मुद्दों की जानकारी देने के साथ ही की जा रही कार्रवाई से अवगत कराया। अजीत डोभाल मूल रूप से उत्तराखंड के पौड़ी जिले के रहने वाले हैं और शीर्ष खुफिया एजेंसी रा के चीफ रह चुके हैं। वे लंबे समय से राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार हैं। कार्यवाहक डीजीपी अभिनव कुमार ने बताया कि उत्तराखंड कई देशों और राज्यों की सीमाओं से घिरा हुआ है। ऐसे में राज्य पुलिस के सामने विभिन्न चुनौतियां हैं। एनएसए की ओर से उन्हें मार्गदर्शन प्राप्त हुआ है। इसके अलावा उन्होंने ने दिल्ली में सीबीआई निदेशक प्रवीण सूद से भी शिष्टाचार भेंट की।

# डीएम ने की विकसित भारत संकल्प यात्रा की समीक्षा

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। जिलाधिकारी उदयराज सिंह ने विकसित भारत संकल्प यात्रा के अन्तर्गत जनपद में संचालित कार्यक्रमों की समीक्षा की। उन्होंने कार्यक्रम में जन सहभागिता बढ़ाने के निर्देश सम्बन्धित अधिकारियों को दिये। उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा दिये कि जनपद के विकास खण्डों के क्षेत्रांतर्गत विभिन्न ग्राम पंचायतों में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों में अपने विभागीय स्टॉल लगाते हुए विभागीय योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार कराते हुए ग्राम पंचायतवार आयोजित कार्यक्रम में अनिवार्य रूप से प्रतिभाग पुलिस विभाग को यातायात तथा नशे के प्रति जागरूक करने, कृषि तथा सहकारिता विभाग को पात्र इच्छुक व्यक्तियों के किसान क्रेडिट कार्ड बनवाने, पंचायतीराज तथा ग्राम्य विकास विभाग को गांव के संतप्तीकरण हेतु गांव में योजनाओं



कि जन सहभागिता बढ़ाने के साथ ही पात्र व्यक्तियो को मौके पर ही लाभांवित किया जाये तथा विभिन्न योजनाओं का लाभ ले चुके व्यक्तियों के भी अनुभव साझा किये जाये। जिलाधिकारी ने जनपद स्तरीय अधिकारियों को निर्देश करना सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने समीक्षा के दौरान राजस्व विभाग के अधिकारियों को विरासतन के मामले मौके पर ही निस्तारित करने, चिकित्सा विभाग को आयुष्मान कार्ड बनवाने, स्वास्थ्य परीक्षण की व्यवस्था कराने, की प्राथमिकता सूची तैयार करने, पीएम आवास योजनान्तर्गत पात्र व्यक्तियों की सूची तैयार करने के निर्देश दिये। उन्होंने विकसित भारत संकल्प यात्रा से जुड़े अन्य विभागीय अधिकारियों को भी महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश दिये।

# मंदिर के गेट पर पेशाब करने वाले युवक को पुलिस ने किया गिरफ्तार

देहरादून(उद संवाददाता)। डोईवाला थाना क्षेत्र के हर्रावाला चौकी क्षेत्र में मंदिर के गेट पर पेशाब करने वाले मुस्लिम समुदाय के युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। बता दें आरोपी ने मंदिर के गेट पर पेशाब करने के साथ ही मंदिर में पत्थर फेंक कर शीशे तोड़ दिए थे। बुधवार को पुलिस ने आरोपी को मेहूंवाला से गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी की पहचान सद्दाम पुत्र आरफ अली निवासी




नयानगर मेहूंवाला थाना पटेलनगर के रूप में हुई है। पुलिस द्वारा दी जानकारी के मुताबिक आरोपी मानसिक रूप से विक्षिप्त है। सद्दाम का वर्तमान में मानसिक चिकित्सालय सेलाकुई में उपचार चल रहा है। घटना सोमवार देर रात करीब एक बजे की है। सीसीटीवी में युवक मुख्य सड़क से मंदिर के बाहर आया और मंदिर के गेट पर पेशाब करने लगा। इसके बाद उसने मंदिर पर पत्थर फेंके। वीडियो में देखा गया की युवक ने गोल टोपी पहनी हुई है। यह सारी घटना ब्ब्ट में कैद हो गई। जिसके बाद से स्थानीय ग्रामीणों के साथ ही हिन्दू संगठन के लोगों में जमकर आक्रोश था।

# गुरू श्री हरगोबिंद सर नवाबगंज में सजा धार्मिक दीवान

## श्री गुरु गोबिंद सिंह जयंती पर पांच जनवरी को होगा महान नगर कीर्तन का आयोजन

गदरपुर(उद संवाददाता)। ऐतिहासिक गुरुद्वारा श्री गुरु हरगोविंद सर नवाबगंज में अमावस्या के अवसर पर गुरमत समागम आयोजित किए गये। श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी के अखंड पाठ के भोग के उपरांत हजूरी रागी भाई हरजीत सिंह द्वारा ,धुर की बनी आई तिन सगली चिंत मिटाई के कीर्तन के साथ संगत को निहाल किया। कथावाचक भाई जसवीर सिंह द्वारा गुरू ग्रंथ साहिब जी के परिचय तथा गुरशबद की कथा के उपरांत संगत को गुरबाणी के आधार पर अपने जीवन को संवारने का आहवान किया गया। कविश्री भाई सतनाम सिंह शौकी तथा भाई देवेंद्र सिंघ ताज द्वारा शहीदी इतिहास सुनाकर शहीदों के जीवन से प्रेरणा लेने की अपील की गई। कार्यक्रम का संचालन भाई करमजीत सिंह द्वारा किया गया। मुख्य सेवादार बाबा अनूप सिंह ने बताया कि गुरुद्वारा श्री गुरु हरगोविंदसर नवाबगंज तहसील बिलासपुर जिला रामपुर उत्तर





प्रदेश में श्री गुरु गोविंद सिंह जी के प्रकाश पर्व पर आगामी 5 जनवरी 2024 को प्रात: 7बजे से विशाल नगर कीर्तन का आयोजन किया जाएगा जो कि नवाबगंज से शुरू होकर बाबा का डेरा,माट खेड़ा,बिलासपुर,रूद्र विलास चीनी मिल, रुद्रपुर,ग्रीन पार्क, धौलपुर, महेशपुर, महतोष,रतनपुरा होते हुए सायं काल गुरुद्वारा श्री गुरु हरगोबिंद सर नवाबगंज में संपन्न होगा, नगर कीर्तन में श्री गुरु ग्रंथ साहिब की पालकी ,पंच प्यारे,शब्द कीर्तनी, ढाढ़ी,कविश्री जत्थे,गतका पार्टी,मीरी पीरी खालसा अकैडमी एवं अन्य स्कूलों के बच्चे और अन्य सैकड़ो सेवादार श्रद्धालु शामिल होंगे।उन्होंने सभी संगत से समय अनुसार 5 जनवरी को नगर कीर्तन में सहभागिता करने का आहवान किया है।

# लगभग डेढ़ माह बाद दर्ज हुई बाइक चोरी की रपट

काशीपुर। रामलीला मैदान से अज्ञात चोरों ने एक मोटरसाइकिल पर हाथ साफ कर दिया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामले की प्राथमिक की दर्ज कर चोरों का पता लगाना शुरू किया है। घटना के बारे में पुलिस को तहरीर देकर मोहल्ला सिंघान निवासी अनुज अग्रवाल पुत्र उमेश अग्रवाल ने बताया कि बीते 23 अक्टूबर को रामनगर रोड स्थित रामलीला मैदान से उसकी मोटरसाइकिल होंडा ड्रीम योगा संख्या यूके 18सी/5002 अज्ञात चोरों द्वारा उड़ा दी गई। इस मामले में पुलिस ने लगभग घटना के डेढ़ माह बाद मुकदमा दर्ज कर चोरों का पता लगाना शुरू कर दिया।

# ठिठुरते गरीबों को बांटे कंबल

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। सर्द भरी रातों में बाबा दीप सिंह जी चौरिटेबल ट्रस्ट ने रुद्रपुर से हल्द्वानी आकर और वंदे मातरम् ग्रुप हल्द्वानी के साथ मिलकर शहर के विभिन्न क्षेत्रों में जो लोग खुले आसमान के नीचे फुटपाथ पर सो रहे थे उन सभी को ठंड से बचाने के लिए कंबल और रजाइयां वितरित की गई। इस मौके पर गौरव सिंह, अभिनव वार्ष्णेय, विक्रम सिंह, आकाश सिंह, विजय छाबरा, सुमित शर्मा मौजूद रहे।



# एटीएम में छेड़छाड़ कर रूपये निकालने वाला गिरोह सक्रिय

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। जिला मुख्यालय में एक ऐसा गिरोह सक्रिय होने की चर्चाएं जोरो पर हैं जो नगर के विभिन्न स्थानों पर लगे एटीएम में छेड़छाड़ कर रूपये निकालने आये खाताधारकों से धोखाधड़ी कर उनके पैसे निकाल ले रहा है। हालां कि किसी भी व्यक्ति द्वारा इसकी लिखित शिकायत नहीं की गई है। परंतु लोगों में इस बात की चर्चा जोरों पर है। बताया जाता है कि गिरोह के सदस्य एटीएम में जाकर उस स्थान पर टेप लगा देते हैं जहां से रूपये की निकासी होती है। जब कोई खातेदार रूपये निकालने के लिए एटीएम में पहुंचता है तो उसके रूपये बाहर नहीं निकलते हैं ऐसी स्थिति में वह शिकायत करने बैंक जाता है। बस गिरोह के सदस्य इसी मौके की तलाश में रहते हैं जैसे ही वह व्यक्ति एटीएम से निकलता है गिरोह के सदस्य तुरन्त टेप हटाकर रूपये निकाल लेते हैं और मौके से रफूचक्कर हो जाते है। चर्चा है कि ऐसा मामला सामने आ चुका है।

# कई गांवों में पहुंची विकसित भारत संकल्प यात्रा, योजनाओं की दी जानकारी

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। विकासखंड बाजपुर, रुद्रपुर, सितारगंज,जसपुर, गदरपुर की ग्राम पंचायत केलावंदबरी, बन्ना खेड़ा दानपुर, किरतपुर, गिद्धौर देवीपुरा, कुंडा एवं लालपुर में विभिन्न सरकारी लाभपरक योजनाओं के प्रचार प्रसार लक्षित लाभार्थियों तक समयबद्ध रूप से पहुंचाने हेतु विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विकासखंड रुद्रपुर की ग्राम पंचायत दानपुर एवं किरतपुर में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक शिव अरोड़ा एवं किसान मोर्चा अध्यक्ष धीरेंद्र मिश्रा, भाजपा नेता भारत भूषण चुघ ,श्रीमती ममता जल्होत्रा ब्लॉक प्रमुख ,अमित नारंग जिला महामंत्री भाजपा, पुष्कर सिंह काला जिला प्रभारी भाजपा, आयुष चिलाना भाजपा समन्वयक उपस्थित हुए। ग्राम पंचायत दानपुर में ग्राम प्रधान द्वारा जनप्रतिनिधियों के सामने कूड़ा निस्तारण की समस्या को सामने रखा एवं उक्त कार्यक्रम में उपस्थित लाभार्थियों को मुख्यमंत्री महालक्ष्मी किट पंपलेट कैलेंडर एवं बुकलेट का वितरण भी किया गया। उक्त आयोजित कार्यक्रम में विभिन्न विभागों द्वारा विभागीय स्टोल लगाए गए, जिसके माध्यम से उपस्थित ग्रामीणों को विभिन्न योजनाओं की जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम में उपस्थित महिला एवं पुरुष लाभार्थियों द्वारा मेरी कहानी मेरी जुबानी के अंतर्गत योजनाओं में लाभान्वित होने के सुखद अनुभव को ग्रामीणों के मध्य साझा किया एवं उपस्थित ग्रामीणों को उन योजनाओं से लाभान्वित होने के लिए प्रेरित किया गया इसके अतिरिक्त हमारा संकल्प विकसित भारत की शपथ समस्त उपस्थित जनप्रतिनिधियों अधिकारियों कर्मचारियों एवं ग्रामीणों द्वारा ली गई। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित जन समूह को समस्त विभागों की जनकल्याणकारी योजनाओं से संबंधित जानकारी प्रदान की गई तथा ईआईसी प्रचार वाहन के माध्यम से योजनाओं का व्यापक प्रचार प्रसार भी किया गया। विकासखंड बाजपुर की ग्राम पंचायत कलावंदबारी में मुख्य अतिथि राजेश कुमार पूर्व दर्जा राज्य मंत्री द्वारा हमारा संकल्प विकसित भारत की शपथ दिलाई गई। साथ ही विधानसभा समन्वयक गौरव शर्मा द्वारा भारत एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित योजनाओं से अधिकाधिक लाभान्वित होने के लिए ग्रामीणों को आह्वान किया गया तथा विभागों से आए अधिकारियों से अधिक से अधिक संख्या में ग्रामीणों को लाभान्वित किए जाने हेतु प्रेरित किया गया। ग्राम पंचायत में बहुउद्देशीय शिविर के माध्यम से हेल्थ कैंप भी लगाए गए जिनमें इच्छुक लाभार्थियों का स्वास्थ्य परीक्षण भी कराया गया। ग्राम पंचायत विकासखंड सितारगंज में लाभार्थियों को अपनी प्रक्षेत्रों में किए गए उत्कृष्ट कार्य हेतु सम्मानित भी किया गया। कार्यक्रमों के उपरांत कृषि ड्रोन के माध्यम से कीटनाशक का छिड़काव का प्रदर्शन किया गया।



रेरा एप्रूव्ड कालोनी
30 से 60 तक चौड़ी सड़कें,
बड़े-बडे पार्क, गेट बंद कालोनी
90 प्रतिशत तक ऋण सुविधा,
सीवरेज, स्ट्रीट लाईट

डायनामिक गार्डन सिटी
तोमर कंस्ट्रक्शन
श्री राधा स्वामी सत्संग घर गेट नं. 7 के सामने किच्छा रोड, रूद्रपुर
मोबा. 9557222289,7088169159

100 से 400 गज तक के प्लाट
100,160, 200 गज विला
खरीदने व बेचने हेतु सम्पर्क करें।
100 से अधिक परिवार रह रहे हैं

# राज्य की विद्युत व्यवस्था के बुनियादी ढांचे को मिलेगी मजबूती

## 1660 करोड़ से बिजली लाइन होंगी भूमिगत, नए सब स्टेशन बनेंगे



देहरादून(उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने उत्तराखण्ड की विद्युत व्यवस्था तथा पावर ट्रॉसमिशन की मजबूती और बुनियादी सुविधाओं के विकास हेतु एशियन डेवलपमेंट बैंक द्वारा 200 मिलियन डॉलर की ऋण सुविधा उपलब्ध कराये जाने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए केन्द्रीय वित्त मंत्री का आभार जताया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इससे राज्य की सुचारू विद्युत व्यवस्था सुनिश्चित किये जाने में मदद मिलेगी। केंद्रीय वित्त मंत्रालय के आर्थिक विभाग की संयुक्त सचिव जुही मुखर्जी तथा भारत में ए.डी.बी के डिप्टी रेजिडेंट मिशन निदेशक होयुन जियोंग द्वारा ऋण समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किये गये। सुश्री जुही मुखर्जी ने कहा कि उत्तराखण्ड की बिजली प्रणाली के बुनियादी ढ़ांचे को मजबूती तथा बिजली प्रणाली के नेटवर्क क्षमताओं के विकास, लोड केन्द्रों के नवीकरण, ऊर्जा के निर्वाध एकीकरण आदि में इससे सुविधा होगी तथा राज्य के निवासियों को 24 घंटे बिजली उपलब्ध होगी। एडीबी के डिप्टी रेजिडेट निदेशक होयुन जियोंग ने मौके पर कहा कि इस योजना के तहत 537 कि.मी. भूमिगत केबल प्रणाली, बिजली नेटवर्क के आधुनिकीकरण, सब स्टेशनों के क्षमता विकास तथा विद्युत वितरण प्रक्रिया को भी अधिक प्रभावी बनाया जायेगा। राज्य में विद्युत आपूर्ती हेतु बुनियादी विकास के लिए एशियन विकास बैंक ने 200 मिलियन यानी करीब 1660 करोड़ के ऋण को स्वीकृति देते हुए सरकार के साथ ऋण समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर कर दिए हैं। लंबे समय से इसकी कवायद चल रही थी। इसके तहत जहां पिटकुल करीब 850 करोड़ से पावर ट्रांसमिशन के नेटवर्क को मजबूत बनाएगा तो वहीं यूपीसीएल करीब 750 करोड़ से देहरादून शहर की बिजली लाइन को भूमिगत करेगा। यूपीसीएल यहां 11 केवी के अलावा कुछ जगहों पर 33 केवी, मुख्य मार्गों व उससे जुड़े सहायक मार्गों की 537 किमी बिजली लाइन भूमिगत करेगा। वहीं, पिटकुल नए सब स्टेशन बनाने के साथ ही विद्युत लाइन भी बनाएगा। नई दिल्ली में वित्त मंत्रालय के आर्थिक विभाग की संयुक्त सचिव जूही मुखर्जी और भारत में एडीबी के डिप्टी रेजिडेंट मिशन निदेशक होयुन जियोंग ने ऋण समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। आर्थिक विभाग की संयुक्त सचिव जूही मुखर्जी ने कहा कि उत्तराखंड की बिजली प्रणाली के बुनियादी ढांचे को मजबूती व बिजली प्रणाली के नेटवर्क क्षमताओं के विकास, लोड केंद्रों के नवीकरण, ऊर्जा के निर्बाध एकीकरण में इससे सुविधा होगी। राज्य के निवासियों को 24 घंटे बिजली उपलब्ध होगी। एडीबी के डिप्टी रेजिडेंट निदेशक होयुन जियोंग ने कहा कि इस योजना के तहत 537 किमी भूमिगत केबल प्रणाली, बिजली नेटवर्क के आधुनिकीकरण, सब स्टेशन के क्षमता विकास व विद्युत वितरण प्रक्रिया को भी अधिक प्रभावी बनाया जाएगा।

# मनी लॉन्ड्रिंग मामले में ईडी ने अटैच की पूर्व डीएफओ किशन चंद की संपत्ति

नई दिल्ली/ देहरादून । प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने उत्तराखंड में भारतीय वन सेवा (आईएफओएस) अधिकारी किशन चंद की 31 करोड़ रुपये से अधिक कीमत की संपत्ति अटैच की है। ईडी ने बताया कि यह कार्रवाई मनी लॉन्ड्रिंग मामले के तहत की गई है। ईडी ने बुधवार को बताया कि हरिद्वार जिले में एक स्कूल भवन और रूड़की जिले स्थित एक स्टोन क्रशर प्लांट को धनशोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत अटैच किया गया है। इनका स्वामित्व आईएफओएस किशन चंद और उनके परिवार के सदस्यों के पास है। इन संपत्तियों की कुल कीमत 31.88 करोड़ रुपये है। चंद प्रभागीय वन अधिकारी (डीएफओ) के रूप में कार्यरत थे। मनी लॉन्ड्रिंग का मामला उत्तराखंड सरकार के सतर्कता विभाग के अधिकारी के खिलाफ दर्ज एफआईआर से जुड़ा है। जांच के दौरान पता चला कि कि अटैच की गई संपत्तियां अपराध से आय हैं और विभिन्न खातों में भारी मात्रा में नकदी तथा तीसरे व्यक्ति के नाम पर चेक जमा किए गए थे। एक जनवरी 2010 से 31 दिसंबर 2017 तक की अवधि के दौरान किशन चंद ने चल और अचल संपत्तियों के अधिग्रहण/खरीद के साथ–साथ अन्य कार्यों पर 41.9 करोड़ रुपये की राशि खर्च की। हालांकि इस दौरान चंद की आय 9.8 करोड़ रुपये थी। इस प्रकार, आईएफओएस अधिकारी के पास 32.1 करोड़ रुपये की आय से अधिक संपत्ति थी, जो अपराध की कमाई है।

# खनन माफियाओं का आतंक: होमगार्ड को पकड़े गये डंपर से धक्का देकर फेंका





बाजपुर। बाजुपर में खनन माफियाओं का आतंक जारी है। तहसीलदार के नेतृत्व में अवैध खनिज से भरा एक डंपर राजस्व विभाग की टीम ने पकड़ लिया। इस दौरान डंपर का चालक चाबी लेकर फरार हो गया। रात में निगरानी कर रहे होमगार्ड को अगवाकर खनन माफिया डंपर लेकर फरार हो गए। माफिया ने हाईवे स्थित ब्रिज के पास होमगार्ड को डंपर से धक्का देकर फेंक दिया। घटना की तहरीर होमगार्ड की ओर से बाजपुर दोराहा पुलिस चौकी में दी गई है। मंगलवार देर शाम तहसीलदार अक्षय कुमार भट्ट ने छोई मोड़ के पास अवैध खनिज से भरे डंपर को रोका। इस दौरान चालक चाबी लेकर गन्ने के खेत में भाग गया। तहसीलदार डंपर की निगरानी के लिए होमगार्ड असलम और मो. हुसैन को छोड़ गए। देर रात करीब 11 बजे हथियार लेकर माफिया पहुंचे और वाहन को कुछ दूरी पर खड़ा कर दिया। आरोपियों ने सड़क पर खड़े होमगार्ड असलम के साथ गालीगलौज कर धक्कामुक्की की, जबकि डंपर के अंदर बैठे मो. हुसैन को अगवा कर डंपर को ले गए। बाद में वह रुद्रपुर से पहले ब्रिज के पास होमगार्ड मो. हुसैन को डंपर से उतारकर फरार हो गए। सूचना पर पुलिस ने चेकिंग शुरू की लेकिन कोई हाथ नहीं आया। तहसीलदार भट्ट ने बताया कि होमगार्ड मो. हुसैन ने बाजपुर दोराहा पुलिस चौकी में आरोपियों के खिलाफ तहरीर दी है। घटना से उच्चाधिकारियों को अवगत कराया गया है। कोतवाल नरेश चौहान ने बताया कि तहरीर प्राप्त हुई। जांच कर रिपोर्ट अधिकारियों को भेजी जाएगी। निर्देशानुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी। एसपी अभय प्रताप सिंह ने बताया कि मामले की पुलिस को तहरीर मिली है। इस प्रकरण में जांच कराकर कार्रवाई की जाएगी।

# डा. स्वाति टम्टा बनी देवभूमि उद्यमिता योजना की नोडल अधिकारी

नानकमत्ता(उद संवाददाता)। राजकीय महाविद्यालय नानकमत्ता में उच्च शिक्षा विभाग उत्तराखंड शासन द्वारा लागू देवभूमि उद्यमिता योजना का नोडल अधिकारी डॉ स्वेता टम्टा को नियुक्त किया गया। उच्च शिक्षा विभाग उत्तराखंड सरकार द्वारा उत्तराखंड राज्य के उच्च शिक्षण संस्थानों में उद्यमिता स्टार्टअप एवं नवाचार इनोवेशन को बढ़ावा देने के लिए भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान अहमदाबाद से एमओयू कर देवभूमि उद्यमिता योजना लागू की गई है। उक्त योजना के मुख्य उद्देश्य शिक्षकों, नीति निर्माताओं, निवेशकों द्वारा छात्रों और 18–45 वर्ष के अन्य जनों में उद्यम शीलता के विषय पर जागरूकता को बढ़ावा, छात्र उद्यमिता विकास के लिए उद्यमिता संस्थान केंद्र की स्थापना, उद्यमिता विकास गतिविधियों और मार्गदर्शन के लिए शिक्षक सलाहकार समूह का गठन, महाविद्यालय स्तर पर देवभूमि उद्यमिता सेंटर ऑफ एक्सीलेंस की स्थापना तथा मेगा स्टार्टअप, सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम, एमएसएमई स्टार्टअप प्रदर्शनियों और राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय सम्मेलनों का आयोजन है। उक्त उद्देश्यों को प्राप्त करने हेतु देवभूमि उद्यमिता योजना के अंतर्गत 50000 छात्रों को उद्यमिता और स्टार्टअप के लिए जागरूक करना, उत्तराखंड राज्य में 15000 नए उद्योगों की स्थापना करना, रोजगार के नए अवसर पैदा करना, 350 शिक्षकों को उद्यमिता विकास के लिये प्रशिक्षण देना, 125 देवभूमि उद्यमिता केन्द्रों की स्थापना करना, 20 सेंटर आफ एक्सीलेंस केंन्द्रों की स्थापना करना, योजना के द्वारा नई शिक्षा नीति 2020 का क्रियान्वय करना, युवाओं को रोजगार प्रदान कर माइग्रेशन में कमी लाना तथा पर्यावरण अनुकूल हरित व्यवसाय पर विशेष ध्यान देना है। उद्देश्यों के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु डॉ। स्वाति टम्टा को 86% अंकों के आधार पर द्वितीय को हार्ट में प्रशिक्षण हेतु दिनांक 5 दिसंबर 2023 से 10 दिसंबर 2023 तक भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान, अहमदाबाद में फैकल्टी मेंटरशिप डेवलपमेंट प्रोग्राम हेतु भेजा गया। उक्त प्रोग्राम में प्रशिक्षण लेने के उपरांत डॉ। स्वाति टम्टा ने बताया कि 6 दिन के इस प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान प्रतिदिन उद्यमिता से सम्बन्धित महत्वपूर्ण विषयों पर विषय विशेषज्ञों द्वारा व्याख्यान आयोजित किए गए। डॉ। स्वाति टम्टा ने उच्च शिक्षा विभाग उत्तराखण्ड, भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान, अहमदाबाद तथा राजकीय महाविद्यालय नानकमत्ता की प्राचार्य प्रो। अंजला दुर्गापाल को धन्यवाद ज्ञापित किया।

# बाहरवाली के चक्कर में फंसकर पति ने लुटाये चार लाख रूपये

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। बाहरवाली के प्रेमजाल में फंसकर एक व्यक्ति ने उसे घर में रखे चार लाख रुपए दे दिए। उस व्यक्ति की पत्नी ने पुलिस से मदद की गुहार लगाई है। महिला का कहना है कि उसके पति को एक महिला ने अपने प्रेम जाल में फंसा रखा है। वह उसके पति की कमाई खाती है जिसके चलते पति उसके साथ गाली गलौच व मारपीट एंव तरह तरह से अत्याचार करता है। पीड़िता का कहना है कि उसकी एक जवान बेटी है उसको भी मारते है बोलते हैं वह उस औरत के साथ रहेगा। अगर कुछ करेगी तो तुझे जान से मार दूंगा या खुद मर जाउंगा और तुझे फंसा दूंगा। पीड़िता ने बताया कि उसने व उसके पति ने मेहनत करके लगभग 4 लाख रूपये एक प्लाट लेने के लिए जोड़े थे लेकिन पति से उस औरत ने बहला फुसलाकर 4 लाख रूपये ले लिए हैं और अपने नाम पर एक बना बनाया मकान ले लिया है। पीड़िता का कहना है कि वह बहुत परेशान हैं। उसके छोटे – छोटे 4 बच्चे है उनका भरण पोषण कैसे करूंगी।



# सार्वजनिक परिसंपत्तियों की जीआईएस मैपिंग एवं पोलीगन तैयार करें: डीएम



रूद्रपुर(उद संवाददाता)। जनपद की सार्वजनिक परिसम्पत्तियों का प्रबन्ध और अधिक कुशलता से हो ताकि सम्पत्तियों का बेहतर ढंग से उपयोग किया जा सके। यह बात जिलाधिकारी उदयराज सिंह ने मंगलवार की देर रात्रि परिसम्पत्तियों की निर्धारित पोर्टल पर जीआईएस मैपिंग के सम्बन्ध में बैठक लेते हुए कही। जिलाधिकारी ने निर्देशित करते हुए कहा कि सभी विभाग arcgissurvey123 एप पर परिसम्पत्तियों की जीआईएस मैपिंग एवं पोलीगन तैयार करना सुनिश्चित करें। उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि कोई भी सम्पत्ति मैपिंग से छूटनी नहीं चाहिए। जिलाधिकारी ने कहा कि सार्वजनिक संपत्ति प्रबंधन का उद्देश्य सार्वजनिक संपत्तियों सही से ध्यान रखना, उनका प्रबंधन करना, उनका उपयोग करना और उनका निपटान करना है ताकि किसी भी दशा में अतिक्रमण न हो सके। उन्होंने यह भी निर्देश दिये कि किस परिसम्पत्ति को किस कार्य में लाया जा सकता है, उसकी भी वस्तुसूची तैयार की जाये। बैठक में ई-डिस्ट्रिक्ट मैनेजर जातवेद पाण्डे ने एप पर परिसम्पत्तियों का डाटा अपलोड करने, संशोधित करने, जीआईएस मैपिंग आदि के बारे में विस्तार से जानकारी दी। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी विशाल मिश्रा, मुख्य कोषाधिकारी डॉ.पंकज कुमार शुक्ल, डीएफओ हिमांशु बागरी, अपर जिलाधिकारी अशोक कुमार जोशी, नगर आयुक्त नरेश चन्द्र दुर्गापाल, एसपी सिटी मनोज कत्याल, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ.मनोज शर्मा, जिला समाज कल्याण अधिकारी अमन अनिरूद्ध, जिला प्रोबेशन अधिकारी व्यौमा जैन, अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत तेज सिंह, मुख्य शिक्षा अधिकारी डीएस राजपूत सहित सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित थे।

# क्रय केन्द्रों में भुगतान की प्रक्रिया पारदर्शी तरीके से करें : रेखा आर्य



देहरादून। विधानसभा देहरादून में आयोजित समीक्षा बैठक में खाद्य आपूर्ती मंत्री श्रीमती रेखा आर्य ने अधिकारियों से प्रदेश के सभी क्रय केन्द्रों में धान क्रय, मडुआ क्रय एवं उनके भुगतान के साथ ही पूर्व की बैठकों में दिए गए निर्देशों का कितना अनुपालन हुआ है इसकी स्थिति के बारे में भी जानकारी ली। विभागीय अधिकारियों द्वारा बताया गया कि भारत सरकार की ओर से राज्य सरकार को धान क्रय का लगभग 8 लाख मीट्रिक टन का जो लक्ष्य दिया गया था उसके सापेक्ष लगभग 6 लाख मीट्रिक टन का लक्ष्य हमने प्राप्त कर लिया है, धान क्रय करने की 31 दिसम्बर चूंकि अंतिम डेट है,ऐसे में विभागीय अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि उक्त तिथि तक सम्पूर्ण लक्ष्य को पूर्ण कर लिया जाए, साथ ही जिन संस्थाओं को धान क्रय का जो लक्ष्य दिया गया था जिनमे की अधिकतर संस्थाएं धान क्रय के लक्ष्य को पूरा करने की ओर अग्रसर हैं लेकिन एनसीसीएफ ने दिए लक्ष्य से भी बेहद कम लक्ष्य को प्राप्त किया, ऐसे में विभागीय अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए गए कि एनसीसीएफ के टारगेट को निरस्त करते हुए इसे उन संस्थाओं को दे दिया जाए जिनका कार्य बेहतर है। यूपीसीयू के बारे में किसानों की तरफ से यह जानकारी प्राप्त हुई कि उक्त संस्थान की भुगतान की प्रक्रिया पारदर्शी नही है ऐसे में अधिकारियों से उक्त संस्थान की रिपोर्ट तत्काल प्रस्तुत करने के निर्देश दिए है। वहीं किसान भाइयों के भुगतान के संबंध में जानकारी ली और अधिकारियों को किसान भाइयों के भुगतान को जल्द से जल्द करने के निर्देश दिए। इस दौरान यह भी जानकारी में आया कि विभागीय वेबसाइट पूरी तरह से अपडेट नही की जाती है ऐसे में विभागीय सचिव पर नाराजगी व्यक्त की और यह स्पष्ट निर्देश दिए कि वेबसाइट को लगातार अपडेट रखने के साथ ही उसमे विभागीय योजनाओं की जानकारी दे जिससे कि आम व्यक्ति उसका लाभ ले सकें। बैठक में इस अवसर पर प्रमुख सचिव एल फेनई , अपर सचिव श्रीमती रुचि मोहन रयाल ,अपर निदेशक श्री पीएस पांगती, आरएमओ श्री सीएम घिल्डियाल, एसआरएमओ एमएस बिसेन सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# स्वर्गीय सत्येंद्र गुड़िया की जयंती पर गोष्ठी का आयोजन

काशीपुर(उद संवाददाता)। जन जीवन उत्थान समिति के तत्वाधान में स्वर्गीय सत्येंद्र चंद्र गुड़िया की 90वी जयंती पर स्वर्गीय सत्येंद्र चंद्र गुड़िया मार्ग पर स्थित श्री जगदीश प्रेरणा भवन में गोष्ठी का आयोजन किया गया जिसका मुख्य विषय था काशीपुर विकास में स्वर्गीय गुड़िया का योगदान, गोष्ठी में बोलते हुए वरिष्ठ अधिवक्ता शैलेंद्र कुमार मिश्रा एडवोकेट ने कहा की स्वर्गीय गुड़िया की ईमानदार और



स्पष्ट वादिता के व्यक्तित्व ने काशीपुर की जनमानस को अपना मुरीद बना दिया था उन्होंने काशीपुर के विकास में चाहे वह महाविद्यालय का निर्माण हो, बालिकाओं के लिए इंटर कॉलेज का निर्माण हो, पॉलिटेक्निक कॉलेज का निर्माण हो, तकनीकी शिक्षा के लिए डिजाइन सेंटर का निर्माण हो अथवा औद्योगिक विकास हो सभी में अपनी अग्रिम भूमिका निर्वाह की। स्वर्गीय गुड़िया जी अपने जीवन के अंतिम पलो में महसूस करते थे और चाहते थे कि काशीपुर जिला बने।शैलेंद्र कुमार मिश्रा ने आगे बोलते हुए कहा किशायद स्वर्गीय गुड़िया जी के निधन के बाद हमें कोई ऐसा जनप्रतिनिधि काशीपुर क्षेत्र के नहीं लिए नहीं मिला जो काशीपुर क्षेत्र के विकास के लिए सतत प्रयास करे। आज उनकी जयंती पर उनकी प्रेरणा रज को शीश पर लगाते हुए काशीपुर विकास करने का संकल्प ले जिससे उसे महापुरुष की स्वर्ग से देख रही आंखों को सुख की अनुभूति हो। इस मौके पर कई लोगों ने अपने विचार रखे। इस मौके पर इस मौके पर भास्कर त्यागी एडवोकेट, ममता मिश्रा एडवोकेट ,कर्तव्य मिश्रा एडवोकेट ,देवांग मिश्रा एडवोकेट, अमृतपाल सिंह एडवोकेट, सैयद आसिफ अली एडवोकेट, नवजोत सिंह एडवोकेट, मुमताज एडवोकेट, सैयद इफरा एडवोकेट आदि लोग उपस्थित थे।

# राजकीय महाविद्यालय किच्छा में स्थापित होगा उद्यमिता केंद्र



किच्छा (उद संवाददाता)। राजकीय महाविद्यालय किच्छा में देवभूमि उद्यमिता केंद्र स्थापना की प्रक्रिया प्रारम्भ हो गयी है। प्राचार्य डॉ० राजीव रतन ने बताया कि महाविद्यालय में देवभूमि उद्यमिता के नोडल अधिकारी डॉ प्रकाश चंद भट्ट भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान अहमदाबाद गुजरात में आयोजित फैकल्टी मेंटर डेवलपमेंट कार्यक्रम में भाग लेकर लौटे आए हैं । महाविद्यालय को प्रशिक्षित नोडल अधिकारी मिलने से उच्च शिक्षा विभाग उत्तराखंड की महत्त्वाकांक्षी योजना सफलतापूर्वक लागू की जा सकेगी। योजना के नोडल डॉ प्रकाश चंद भट्ट ने बताया कि योजना से महाविद्यालय के विद्यार्थी तथा स्थानीय युवा भी लाभ प्राप्त कर सकेंगे। राज्य सरकार की इस योजना को ईडीआईआई अहमदाबाद गुजरात के सहयोग से चलाया जा रहा है। पलायन को रोकने तथा व्यापक रोजगार उपलब्ध कराने की दृष्टि से यह लोककल्याणकारी योजना है। स्थानीय युवाओं में मौजूद उद्यमिता कौशल को निखारने का काम किया जाना है। योजना के अंतर 20 बिन्दुओं पर आधारित एक्शन प्लान तैयार किया जा रहा है। प्लान तैयार करने के प्राचार्य से निर्देश प्राप्त किये जा रहे हैं। प्राध्यापकों, विद्यार्थियों से पहले चरण की बातचीत पूरी कर ली गयी है। योजना के अंतर्गत अवेयरनेस प्रोग्राम, बूट कैंप, प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किये जाने हैं। इस योजना से नए बिजनस आईडिया की पहचान, न्यू स्टार्ट अप, उत्पाद की ब्रांडिंग की जा सकेगी। योजना में नियमानुसार फंडिंग भी उपलब्ध कराई जानी है। योजना के शुरूआती चरण में महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापकों को योजना से जोड़ा जा रहा है। कम्युनिकेशन स्किल के सभी परीक्षार्थियों को देवभूमि उद्यमिता योजना की जानकारी दी गई है। महाविद्यालय में उद्यमिता केंद्र स्थापित किये जाने पर प्रोफेसर पुष्पा देवी, आईक्यू ए सी नोडल डॉ नरेश कुमार, डॉ उमराव सिंह, डॉ हर्षिता तेवारी, कार्यालय कार्मिक शुभम गंगवार, लवली पाण्डेय तथा गौतम सिंह ने खुशी व्यक्त की है।

# यातायात व्यवस्था सुधारने में सहयोग करेंव्यापारीः रविन्द्र



शक्तिफार्म (उद संवाददाता)। प्रांतीय उद्योग व्यापार मण्डल शक्तिफार्म इकाई के अध्यक्ष रविन्द्र अग्रवाल ने शक्तिफार्म मुख्य बाजार क्षेत्र में यातायात व्यवस्था सुधारने के लिए सभी व्यापारियों से अपील करते हुये कहा कि कोई भी दुकानदार नाली के बाहर अपनी दुकान का समान ना लगायें। नालियों के बाहर सामान लगाने से फुटपाथ में पैदल चलने वालों को दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। व्यापार मण्डल अध्यक्ष ने कहा कि जल्द ही सभी व्यापारी नियमों का पालन कर यातायात व्यवस्था मे अपना सहयोग करेंगे।

# शुक्ला ने अधिकारियों के साथ बैठक कर समस्याओं का कराया निस्तारण





किच्छा(उद संवाददाता)। शहर एवं ग्रामीण क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं के समाधान के लिए पूर्व विधायक राजेश शुक्ला ने प्रशासनिक अधिकारियों के साथ उपजिलाधिकारी कार्यालय में बैठक कर मौके पर ही वार्ता कर विभिन्न समस्याओं का समाधान कराया। बैठक में उपजिलाधिकारी कौस्तुभ मिश्रा, नगर पालिका अधिशासी अधिकारी गुरमीत सिंह एवं प्रभारी निरीक्षक किच्छा सुंदरम शर्मा उपस्थित थे। बैठक के बाद अधिकारियों के साथ पूर्व विधायक राजेश शुक्ला ने वेंडिंग जोन का निरीक्षण कर आवश्यक कार्रवाई का निर्देश दिया। पूर्व विधायक राजेश शुक्ला ने बताया कि किच्छा शहर की यातायात व्यवस्था, पार्किंग व्यवस्था को दुरुस्त करने, शहर में सभी फड़ और ठेली लगाने वाले विभिन्न गरीब मजदूरों को रेलवे स्टेशन के साथ हल्द्वानी मार्ग में खाली पड़ी जमीन में वेंडिंग जोन निश्चित हुआ जिसमे शहर के सभी ठेली वालो को नगर पालिका टोकन जारी करेगी। शांतिपुरी क्षेत्र में संपर्क मार्ग में आ रही अव्यवहारिक कठिनाइयों के प्रसासनिक समाधान तक किसी भी प्रभावित परिवारों को न उजाड़ने, किरायेदारों के सत्यापन में आ रही कठिनाइयों का सरलीकरण करने एवन पुरानी मंडी क्षेत्र के निवासियों द्वारा नदी पार के क्षेत्र में काबिज भूमि पर खेती कर जीवन यापन कर रहे परिवारों को पट्टा जारी करने के लिए शासन को प्रस्ताव भेजने के लिए बैठक में अधिकारियों के साथ वार्ता में प्रशासनिक सहमति बनी है। पूर्व विधायक राजेश शुक्ला ने कहा कि प्रदेश की पुष्कर सिंह धामी सरकार सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, सबका प्रयास के प्रधानमंत्री मोदी जी के कथन पर कार्य कर रही है जिससे समाज के हर वर्ग का भला हो रहा है। अधिकारी जनहित में उचित निर्णय लेकर समस्याओं का समाधान सभी के सहयोग से कर रहे हैं। बैठक में मंडल अध्यक्ष मनमोहन सक्सेना, पूरन भट, टीकम सिंह कोरंगा, मुकेश कोहली, सभासद राजेश कोहली रज्जी, देवेंद्र शर्मा, टीकम सिंह कोरंगा, कैप्टन कोरंगा, विनोद कोहली, सुभाष जोशी, तेजू बिष्ट, नितिन चरण वाल्मीकि, ऋषि वाल्मीकि, हीरालाल प्रजापति, ऋषि कलरा, नरेंद्र गंगवार, राजकुमार कलरा, भूपेंद्र कुमार, राम गोपाल को समेत सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

# भीमताल में मिला लापता रेंजर हरीश चंद्र पांडेय का शव

हल्द्वानी। तराई केंद्रीय वन प्रभाग के रुद्रपुर डिवीजन में तैनात लापता रेंजर हरीश चंद्र पांडेय का शव बुधवार को 14 दिन बाद भीमताल झील से बरामद हुआ। वह हल्द्वानी ऊंचापुल के रहने वाले थे। 29 नवंबर को शाम 7.30 बजे घर से गश्त पर जाने की बात कहकर निकले थे। लेकिन वापस नहीं लौटे। स्वजन ने मुखानी थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई थी। पुलिस, वन विभाग व स्वजन



अपने-अपने स्तर से उनकी तलाश कर रहे थे। लापता होने से पहले रेंजर अपने मोबाइल को घर के बाहर खड़ी कार में छोड़ गए थे। उनकी अंतिम लोकेशन भीमताल में मिली थी। भीमताल थानाध्यक्ष वीरेंद्र सिंह बिष्ट ने बताया कि गुरुवार सुबह उन्हें सूचना मिली कि झील में एक शव उतराया है। इस पर उन्होंने टीम को मौके पर भेजा। शव की शिनाख्त रेंजर के जेब में मिले पर्स, फोटो व अन्य दस्तावेजों से हुई। थानाध्यक्ष के अनुसार शव गल चुका है। स्वजन को सूचना देकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। रेंजर हरीश चंद्र पांडेय के स्वजन के अनुसार वह विभागीय काम से काफी तनाव में थे। वहीं, गुमशुदगी मामले की जांच कर रहे मुखानी थानाध्यक्ष प्रमोद पाठक ने बताया कि रेंजर के लापता होने के बाद वन कर्मियों से पूछताछ की गई थी। तब उन्होंने बताया था कि भाखड़ा रेंज में कुछ समय पहले सागौन के 12 पेड़ काटे गए थे, जिसकी अधिकारियों ने जांच शुरू करा दी थी। तभी से रेंजर तनाव में थे। ऐसे में इस घटना को आत्महत्या से जोड़कर देखा जा रहा है। परिजनों ने सरकार से न्याय की गुहार लगाई है।

# पदक विजेता डिसेबल्ड खिलाड़ियों का जोरदार स्वागत

## डिसेबल्ड स्पोर्टिंग सोसायटी ने निकाली स्वागत रैली

रुद्रपुर। गत एक दिसंबर से 9 दिसंबर तक थाईलैंड में आयोजित वर्ल्ड डिसेबल्ड स्पोर्ट्स गेम्स में प्रतिभाग कर देश के लिए पदक जीतकर नाम रोशन करने वाले के रूद्रपुर निवासी तीन पदक विजेता खिलाड़ियों का डिसेबल्ड स्पोर्टिंग सोसायटी के प्रदेश अध्यक्ष भारत भूषण चुघ के नेतृत्व में जोरदार स्वागत कर भव्य रैली के रूप में गल्ला मंडी से श्री मनोज सरकार स्पोर्ट्स स्टेडियम तक ले जाया गया। इससे पूर्व श्री चुघ नेतृत्व में डिसेबल्ड स्पोर्टिंग सोसायटी के समस्त पदाधिकारी, खेल प्रेमी तथा सैकड़ो की संख्या में लोग गल्ला मंडी में एकत्रित हुए। जहां थाईलैंड में आयोजित वर्ल्ड डिसेबल्ड गेम्स में बैडमिंटन खेल में स्वर्ण पदक जीतने वाले 31वीं वाहिनी पीएसी के कर्मी शरद चंद जोशी, 100 मीटर दौड़ में कांस्य पदक जीतने वाले मोहल्ला जगतपुरा निवासी सत्य प्रकाश तथा बैडमिंटन प्रतियोगिता में कांस्य पदक जीतने वाले नारायण कॉलोनी ट्रांजिट कैंप निवासी रवि पाल का जयघोषों के बीच माल्यार्पण कर जोरदार स्वागत किया गया। श्री चुघ ने कहा कि यह देश के लिए गौरव की बात है कि देश के डिसेबल्ड खिलाड़ी भी विश्व में आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं में पदक प्राप्त कर देश का नाम रोशन कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि रुद्रपुर के तीन खिलाड़ियों द्वारा थाईलैंड में आयोजित प्रतियोगिता में पदक हासिल कर क्षेत्र का नाम भी रोशन किया गया है। जिसके लिए खिलाड़ी व उनके परिजन बधाई के पात्र हैं। श्री चुघ ने कहा कि वह प्रदेश के मुख्यमंत्री से पदक विजेता सभी खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने का आग्रह करेंगे। उन्होंने कहा कि डिसेबल्ड स्पोर्टिंग सोसायटी सभी खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के लिए सदैव तत्पर रही है। पूर्व में भारी संख्या में खिलाड़ियों को खेल में प्रोत्साहन के लिए हर संभव मदद की जाती रही है। पदक विजेता खिलाड़ियों को फूल मालाओं से सुसज्जित वाहन में बैठाकर ढोल नगाड़े के साथ रैली के रूप में श्री मनोज सरकार स्पोर्ट्स स्टेडियम तक ले जाया गया। जहां पदक विजेता तीनों खिलाड़ियों शरद चंद जोशी, सत्य प्रकाश व रवि पाल को सम्मानित किया गया। इस दौरान डिसेबल्ड स्पोर्टिंग सोसायटी के प्रदेश महासचिव हरीश चौध री, सुमित बब्बर, राज कोली, शिवकुमार सागर, सन्नी पासवान, अभिषेक कुमार, दीपक राणा, सुमित तनेजा, गुरमीत सिंह, मोहित तनेजा, विकास बत्रा, सन्नी बब्बर, कमल, स्पोर्ट्स स्टेडियम के बैडमिंटन कोच गोविंद परिहार आदि खेलप्रेमी थे।







# अवैध शराब कारोबारियों के खिलाफ सौंपा शिकायती पत्र

शक्तिफार्म (उद संवाददाता)। ग्राम सभा तीलियापुर के ग्रामीण महिलाओं ने आधा दर्जन अवैध कच्ची शराब तस्करों के खिलाफ पुलिस को शिकायती पत्र सौंपते हुए कार्रवाई की मांग की। तीलियापुर के ग्रामीण महिलाओं ने पुलिस को दी शिकायती पत्र में कहा कि गांव के धर्मेंद्र सिंह,दीवान सिंह, निहाल सिंह, विमला,रमन सिंह एवं सुमित्रा कौर, गांव के निकट बहने वाली कटना नदी के किनारे, खुलेआम कच्ची शराब की भट्टी चलाती है। कच्ची शराब को बंद करने के लिए पूर्व में कई बार ग्रामीणों ने पंचायत तक की, तब ग्रामीणों के समक्ष इन तमाम शराब तस्करो द्वारा, भविष्य में अवैध कच्ची शराब न बेचने की प्रतिज्ञा ली गई थी। परंतु यह सभी शराब तस्कर पुन: सक्रिय हो गए एवं खुलेआम भट्टी लगाकर शराब बनाने में लगे हुए हैं। जिससे गांव के युवा एवं बच्चे नशे के दलदल में फंसते जा रहे हैं, साथ ही गांव का माहौल भी खराब हो रहा है। ग्रामीण महिलाओं ने पुलिस से शराब तस्करों के खिलाफ कार्यवाही की मांग की। शिकायत करने वालों में कौशल्या, कैलाशी, रिमवती, गीता, सीमा, पूजा, सुनीता, उर्मिला, सुदामी, कमला, शीला देवी, शांति देवी, चंद्रावती देवी, सविता देवी, उषा, सरला देवी, फूलमती, विद्यावती देवी, सुभावति देवी एवं पानमती देवी शामिल थे।

# श्रीमद भागवत कथा से पूर्व निकली भव्य कलश यात्रा

रूदपुर(उद संवाददाता)। उत्तराखंड प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी की वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्रीमती मीना शर्मा ने कहा है कि श्रीमद् भागवत कथा के श्रवण मात्र से ही हम भवसागर से पार हो जाते हैं। श्रीमती शर्मा ने कहा कि श्रीमद् भागवत कथा मोक्षदायनी है, और हर व्यक्ति को प्रयास करना चाहिए की वह अपने जीवन में श्रीमद् भागवत कथा के सार को उतारें। श्रीमती शर्मा आवास विकास होली चौक स्थित पार्क में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा से पूर्व आयोजित कलश यात्रा में प्रतिभाग कर रही थी।इससे पूर्व कथा व्यास राजवीर शास्त्री के संरक्षण में भव्य कलश यात्रा का आयोजन किया गया। जिसमें विशेष रूप से आमंत्रित पूर्व पालिका अध्यक्ष श्रीमती मीना शर्मा सहित सैकड़ों महिलाओं ने प्रतिभाग किया। यहां कथा आयोजको द्वारा श्रीमती शर्मा का फूल माला पहनाकर एवं शॉल ओढ़ाकर भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर महिलाओं ने सिर पर कलश रख कर आवास विकास के मुख्य मार्गो की परिक्रमा की स उल्लेखनीय है कि होली चौक आवास विकास स्थित इस पार्क में एक सप्ताह तक श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया जाएगा ।इस अवसर पर सीमा प्रजापति, ममता, कामिनी , पूर्णिमा, सरोज, ममता, दिव्या, कमलेश, नंदिनी, पूजा, श्वेता, रागिनी, दिव्या, कुसुम, प्रेमा, रानी शर्मा, कुंतेश,लीला त्यागी,सहित बड़ी संख्या में अन्य महिलाओं ने प्रतिभाग किया।



# निर्विवादित रूप से संपन्न करायें खेल महाकुम्भ: डीएम

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। खेल महाकुम्भ के अन्तर्गत राज्य स्तरीय प्रतियोगिताएं निर्विवादित रूप से सफलतापूर्वक सम्पन्न कराना सुनिश्चित करें। यह निर्देश जिलाधिकारी उदयराज सिंह ने खेल महाकुंभ के सफल आयोजन हेतु जिला कार्यालय में बैठक लेते हुए सम्बन्धित अधिकारियों को दिये। जिलाधिकारी ने खेल महाकुम्भ के सफल आयोजन हेतु मुख्य विकास अधिकारी विशिल मिश्रा को नोडल अधिकारी नामित किया। डीएम ने जिला युवा कल्याण अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि खिलाड़ियों के लिए आकर्षक ट्रॉफी एवं पुरस्कार की व्यवस्था की जाये। जिलाधिकारी ने निर्देशित करते हुए कहा कि खिलाड़ियों के रहने के लिए सुरक्षित स्थानों पर व्यवस्था की जाये। खिलाड़ियों के रहने-खाने तथा आवागमन हेतु भी पर्याप्त मात्रा में वाहनों को लगाया जाये। उन्होंने खेल महाकुम्भ के दौरान स्टेडियम में डॉक्टर्स की टीम तैनात रखने तथा इमर्जेन्सी हेतु भी वैकल्पिक व्यवस्था रखने के निर्देश चिकित्सा विभाग के अधि कारियो को दिये। उन्होंने खेल महाकुम्भ के दौरान पेयजल की व्यवस्था करने के निर्देश जल संस्थान के अधिकारियों, परिवहन हेतु वाहनों की व्यवस्था करने के निर्देश एआरटीओ को दिये। उन्होंने खिलाड़ियों के रहने के लिए युवा कल्याण विभाग के होस्टल, डायट, ईटीसी तथा समाज कल्याण विभाग के छात्रावास का संयुक्त निरीक्षण करने के निर्देश युवा कल्याण, खेल तथा शिक्षा विभाग के अधिकारियों को दिये। बैठक में जिला युवा कल्याण अधिकारी बीएस रावत ने बताया कि खेल महाकुम्भ के अन्तर्गत मनोज सरकार स्पोर्ट्स स्टेडियम में तीन खेलों बैडमिंटन, ताइकवाण्डो तथा फुटबाल की राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है।उन्होंने बताया कि 21 से 23 जनवरी तक अण्डर 14, 17,19 बालक तथा बालिका वर्ग में बैडमिन्टन, 25 से 27 दिसम्बर तक अण्डर 14, 17,19 बालक तथा बालिका वर्ग में ताइकवाण्डो, तथा 29, 30 दिसम्बर तथा 01 जनवरी को अण्डर 14, 17, 19 बालक वर्ग में फुटबाल प्रतियोगिता तथा 03, 04, 05 जनवरी को अण्डर 14, 17, 19 बालिका वर्ग में फुटबाल प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। बैठक में परियोजना निदेशक डीआरडीए हिमांशु जोशी, जिला युवा कल्याण अधि कारी बीएस रावत, जिला क्रीडा अधि कारी गिरीश कुमार, मुख्य शिक्षा अधि कारी डीएस राजपूत, एआरटीओ बीके सिंह सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।



# काली पूजा का विधि विधान से शुभारंभ

शक्तिफार्म(उद संवाददाता)।आचार्य कॉलोनी में तीन दिवसीय काली पूजा महोत्सव का धार्मिक विधि विधान के साथ शुभारंभ हुआ। मुख्य अतिथि लालकुआं वन क्षेत्राधिकारी नवीन पंवार एवं विशिष्ट अतिथि पूरन डसीला ने, धार्मिक आयोजन का विधिवत फीता काटकर उद्घाटन किया। मंगलवार को आचार्य कॉलोनी में तीन दिवसीय काली पूजा महोत्सव का विधिवत शुभारंभ हुआ। पुरोहित निधिर मुखर्जी ने पूजा संपन्न कराया। इस दौरान मुख्य अतिथि वन क्षेत्राधिकारी लालकुआं नवीन पंवार एवं विशिष्ट अतिथि पूरन डसीला द्वारा,भव्य काली पूजा महोत्सव के लिए,



आयोजन कमेटी का जमकर प्रशंसा किया गया। उन्होंने कहा कि समय-समय पर ऐसे धार्मिक आयोजन होने से, लोगों में पूजा पाठ के प्रति श्रद्धा बढ़ता है। इस मौके पर विशिष्ट अतिथि तीलियापुर ग्राम प्रधान पति पूरन डसीला, जिला पंचायत सदस्य उत्तम आचार्य, उप वन क्षेत्राधिकारी मनोज जोशी, वन दरोगा कुलदीप पांडे, संदीप सिंह, प्रेम तिवारी, युवा कमेटी अध्यक्ष किशोर आचार्य, विश्व हालदार, विजय विश्वास, प्रेम पांडे, गणपति बडई, संजीत मिश्र, नितिन बावली, गोपाल वाइन आदि मौजूद थे।

# लेफ्टिनेंट बनने पर किया हिमांशु पाण्डेय का स्वागत

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। एक समाज श्रेष्ठ समाज संस्था अध्यक्ष योगेन्द्र कुमार के नेतृत्व में सीडीएस 2022 की परीक्षा में देश में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले लामाचौड़ निवासी हिमांशु पाण्डेय के लेफ्टिनेंट बनने पर संस्था पदाधिकारियों ने भगवा अंगवस्त्र पहनाकर तथा भगवान गणेश जी की प्रतिमा देकर स्वागत कर शुभकामनाएं दी।अध्यक्ष श्री साहू ने कहा कि हिमांशु पाण्डेय मध्यम वर्ग परिवार से निकलकर अपनी कठिन परिश्रम लगन और मेहनत की बदौलत सीडीएस 2022 की परीक्षा में देश में प्रथम स्थान हासिल किया। अब हिमांशु पाण्डेय ने लेफ्टिनेंट बनकर उत्तराखंड का नाम पूरे देश में रोशन किया है। स्वागत करने में संस्था संरक्षक हरीश चन्द्र पाण्डेय , कोषाध्यक्ष बलराम हालदार, योगिता बनोला, हेमन्त कुमार साहू, प्रीती आर्या, रितिक साहू, संदीप यादव, अमन कुमार, सूरज मिस्त्री, नवीन तिवारी, सुशील राय, दीपक प्रजापति, मुकेश कुमार आदि कई लोग उपस्थित रहे।



# रितिक जोशी ने ताइक्वांडो में जीता गोल्ड मेडल

गदरपुर(उद संवाददाता)। जिला स्तरीय प्रतियोगिता के तहत रुद्रपुर स्टेडियम में आयोजित खेल महाकुंभ खेल कूद प्रतियोगिताओं में एस0 एस0 पब्लिक स्कूल, गदरपुर के छात्र रितिक जोशी पुत्र उमेश चंद्र जोशी ने जिले में ताइक्वांडो में गोल्ड मेडल प्राप्त कर प्रदेश में अपना स्थान पक्का करके जिला उधम सिंह नगर में विद्यालय का नाम रोशन किया। विद्यालय के चौयरमेन श्री डी0 पी0सिंह ने खेल महाकुम्भ में प्रतिभाग करने वाले रितिक जोशी को आशीर्वाद दिया तथा भविष्य में विद्यालय के द्वारा राष्ट्रीय स्तर की क्रीड़ास्पर्धाओ में प्रतिभाग करने के लिए चयनित किया । विद्यालय के सचिव अभिषेक प्रताप सिंह जी ने विद्यालय से मिलने वाली सभी सुविधाओं का जायजा लिया एवं विजेता के लिए पुरस्कार की घोषणा की। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य स,परविंदर सिंह ने गोल्ड मैडल की जीत पर रितिक जोशी को विद्यालय के मंच पर सम्मानित किया एवं आशीर्वाद दिया और रितिक को विद्यालय के मान सम्मान को बढ़ाने के लिये रितिक के माता पिता को धन्यवाद कहा। प्रधानाचार्य ने सभी को उच्च स्तर के स्पर्धाओ के प्रतिभाग करवाने के लिए विद्यालय का क्रीडा स्थल भी उपलब्ध कराने का वादा किया और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को धन्यवाद कहा, जिन्होंने इस तरह की स्पर्धा करवाके प्रतिभाओ की खोज करने का लक्ष्य रखा अंत मे प्रधानाचार्य ने विद्यालय परिवार का धन्यवाद किया।



# उत्तरांचल दर्पण
## सम्पादकीय
सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

## संसद की सुरक्षा से खिलवाड़

देश की संसद के भीतर घुसकर सुरक्षा तंत्र के साथ खिलवाड़ करते हुए संसद सत्र के दौरान लोकसभा में जो हुआ, उससे यही पता चलता है कि देश की राजधानी में सबसे सुरक्षित मानी जाने वाली इमारत की सुरक्षा व्यवस्था भी घोषित दावे के आईने में किस हालत में है। गौरतलब है कि संसद में लोकसभा के भीतर चलती सदन में दर्शक दीर्घा से दो युवक ऊपर से कूदे और उन्होंने 'स्मोग स्प्रे' के जरिए धुआं फैला दिया। जाहिर है, उनके पास ऐसी चीजें थीं, जिन्हें संसद के भीतर ले जाना प्रतिबंधित है। सवाल है कि संसद परिसर में किसी बाहरी व्यक्ति के दाखिल होने को लेकर बहुस्तरीय और कई परतों में किए गए सुरक्षा जांच इंतजामों के बावजूद ऐसा कैसे संभव हुआ? लोकसभा के भीतर पहुंचे दो लोगों ने जो किया, अब पकड़े जाने के बाद अब उनके खिलाफ कानूनी प्रक्रिया चलेगी। मगर इससे यही पता चलता है कि युवकों के अपने मकसद को अंजाम देने की जिम्मेदारी उसके भीतर जाने की इजाजत मिलने की प्रक्रिया में शामिल लोगों के अलावा संसद की सुरक्षा व्यवस्था को सुनिश्चित करने वाली इकाई की भी है, जिसमें लापरवाही बरती गई। संसद के बाहर भी एक महिला सहित दो लोगों को इसी तरह की हरकत करते और नारे लगाते पकड़ा गया। इस समूचे मामले में छह लोगों को शामिल बताया गया है। संसद में हुई इस घटना को महज इसलिए कम करके नहीं आंका जा सकता कि उसमें कोई बड़ी अनहोनी नहीं हुई और चार लोगों को गिरफ्तार कर लिया गया। दरअसल, यह संसद की सुरक्षा-व्यवस्था में भारी चूक का मामला है और इस मसले पर गंभीर चिंता होनी चाहिए। संसद में जनप्रतिनिधियों के बैठने की जगह पर पहुंचे आरोपियों ने एक तरह से 'सीमित हमले' को अंजाम दिया। कल्पना की जा सकती है कि अगर उनके पास कोई और घातक हथियार या वस्तु होती तो किसी बड़ी अनहोनी से इनकार नहीं किया जा सकता है। सामान्य दिनों में भी संसद परिसर में प्रवेश को लेकर कई सख्त पैमाने तय हैं। संसद का अपना एक मजबूत सुरक्षा तंत्र है और भीतर जाने वाले हर बाहरी व्यक्ति को सांसद या अधिकृत अफसर की सिफारिश से पास बनवाना पड़ता है और उनके सभी सामान की बेहद बारीकी से जांच की जाती है। नई संसद को खासतौर पर पूरी तरह आधुनिक और डिजिटल तकनीकों से लैस किया गया है और आंतरिक व्यवस्था को मजबूत किया गया है। मगर इतने व्यापक इंतजाम के बावजूद अगर कुछ लोग सदन में जाकर मनमर्जी करने में कामयाब हो जाते हैं तो इसकी जिम्मेदारी तय करने की जरूरत है कि सुरक्षा व्यवस्था में किस स्तर पर चूक हुई। विडंबना यह है कि यह घटना ठीक उसी तारीख को हुई, जिस दिन बाईस वर्ष पहले 13 दिसंबर, 2001 को कुछ आतंकवादियों ने पुराने संसद भवन पर हमला किया था, जिसमें कुल चौदह लोगों की जान चली गई थी। वह घटना इतिहास में दर्ज है और तब भी संसद की सुरक्षा को लेकर गंभीर चिंता जताई गई थी। उस तरह की किसी भी घटना का सबसे बड़ा और प्राथमिक सबक यह होना चाहिए था कि कम से कम उसके बाद हर स्तर पर ऐसी तमाम व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, ताकि भविष्य में उस तरह का दूसरा मामला किसी भी हाल में संभव न हो सके। जब नई संसद बनी तब इसके बारे में यह भी दावा किया गया कि यह सुरक्षा व्यवस्था की कई दीवारों से लैस है और इसमें कोई आपराधिक वारदात संभव नहीं है। मगर दो लोगों ने बाकायदा लोकसभा में जाकर इस दावे को एक तरह से आईना दिखाया है। जरूरत इस बात की है कि कम से कम अब मौजूदा सुरक्षा तंत्र की व्यापक समीक्षा हो और उसे सौ फीसद अभेद्य बनाया जाए।

## भाजपा नेता के भाई को जान से मारने की धमकी

गदरपुर(उद संवाददाता)। एक रेस्टोरेंट के बाहर दो कारों में मामूली सी भिड़ंत के बाद एक पक्ष ने थाने में तहरीर देकर दूसरे पक्ष पर हवाई फायरिंग करते हुए जान से मारने की धमकी देने का लगाया आरोप। गदरपुर भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष व वर्तमान जिला मंत्री चंकित हुड़िया के भाई अंकित हुड़िया ने थाने में तहरीर देकर अज्ञात व्यक्ति पर हवाई फायरिंग करते हुए जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। बताया कि 11 दिसंबर देर रात्रि शाने पंजाब रेस्टोरेंट के बाहर उसके वाहन से दूसरे अज्ञात व्यक्ति के वाहन की मामूली सी भिड़ंत हो गई। उसके बाद जब में रेस्टोरेंट के बाहर निकला तो कुछ दूरी पर जाकर उसी वाहन स्वामी ने तमंचा निकालकर हवाई फायरिंग कर जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गया। पुलिस ने पीड़ित पक्ष की तहरीर के आधार अज्ञात के खिलाफ जान से मारने की धमकी देने का मुकदमा दर्ज कर लिया। थाना अध्यक्ष भुवन चंद जोशी ने बताया पीड़ित पक्ष की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

# संसद में धन लेकर सवाल पूछने की सजा

तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) की सांसद महुआ मोइत्रा को पैसे के बदले प्रश्न पूछने के मामले में अनैतिक और अशोभनीय आचरण के लिए सत्रहवीं लोकसभा की सदस्यता से निष्काषित कर दिया गया। संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद जोशी ने मोइत्रा के निष्कासन का प्रस्ताव प्रस्तुत किया, जिसे ध्वनिमत से मंजूरी दे दी गई।निष्कासन की सिफारिश संसद की आचार समिति ने जांच के बाद की थी।बीते कुछ समय से इस बात पर बहस हो रही थी कि मोइत्रा पर लगे आरोपों में कितनी सच्चाई है और इस आधार पर उनकी सदस्यता को रद्द किया जा सकता है अथवा नहीं? दरअसल धन लेकर सवाल पूछने के आरोप भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने मोइत्रा पर लगाते हुए, संसद में कहा था कि उन्होंने भारतीय उद्योगपति गौतम अडानी और उनकी कंपनियों को कठघरे में खड़ा करने के नजरिए से संसद में निरंतर 40 से ज्यादा प्रश्न पूछे,किंतु इसके बदले मोइत्रा ने घूस और कीमती उपहार लिए।यही नहीं उन्होंने लोकसभा पोर्टल के लॉग इन आईडी और पासवर्ड भी दुबई में रहने वाले भारतीय कारोबारी दर्शन हीरानंदानी को साझा किए।इस तथ्य को स्वयं मोइत्रा ने भी स्वीकारा और आचार समिति की जांच में ये तथ्य प्रमाणित भी हुए हैं।इन साक्ष्यों को पुख्ता सबूत मानते हुए लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने इसी प्रकृति के पुराने मामलों में दिए दंडों की परिपाटी का अनुकरण करते हुए निष्कासन कर दिया।इस परिप्रेक्ष्य में बिरला ने विपक्ष द्वारा मोइत्रा को सदन में अपना पक्ष रखने की मांग की भी अनुमति नहीं दी।मोइत्रा ने इस निष्कासन की तुलना कंगारू न्यायालय से करते हुए,इस सजा को सत्तारूढ़ भाजपा की मनमानी बताया। सांसदों के असंसदीय आचरण संसद और सविधान की संप्रभुता को कैसे खिलवाड़ कर रहे हैं, इनके कारनामे पहले भी देखने में आते रहे हैं। नोट के बदले वोट देने से लेकर संसद में पैसे लेकर सवाल पूछने के स्टिंग ऑपरेशन भी हुए हैं। 1991 के आम चुनाव में कांग्रेस सबसे बड़ी पार्टी के रूप में उभरकर आई थी।इसके साथ कई क्षेत्रीय दलों के समर्थन से कांग्रेस ने पीवी नरसिंह राव के नेतृत्व में सरकार बना ली थी।जुलाई 1993 में इस जोड़तोड़ की सरकार के विरुद्ध मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी ने सदन में अविश्वास प्रस्ताव पेश किया था, लेकिन यह प्रस्ताव आखिर में 14 मतों के अंतर से खारिज हो गया।इसके बाद 1996 में सीबीआई को एक शिकायत मिली ,जिसमें आरोप लगाया गया था कि राव की सरकार को जीवनदान देने के बदले में झारखंड मुक्ति मोर्चा के कुछ सांसदों और जनता दल के अजीत सिंह गुट को रिश्वत दी गई थी।इस मामले में झामुमो प्रमुख शिबू सोरेन और उनकी पार्टी के चार सांसदों पर नोट लेकर वोट देने का आरोप लगा था।इन सांसदों के बैंक खातों में मिली धनराशि से भी यह पुष्टि हो गई थी कि नोट के बदले वोट देने की कालावधि में ही यह राशि जमा हुई थी। पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह और संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन की सरकार की नैतिक शुचिता पर आंच 22 जुलाई 2008 को तब आई थी,जब उसने लोकसभा में विश्वास मत हासिल किया था। यह स्थिति अमेरिका के साथ गैर-सैन्य परमाणु सहयोग समझौते के विरोध में वामपंथी दलों द्वारा मनमोहन सिंह सरकार से समर्थन वापिसी के कारण निर्मित हुई थी। वामदलों के अलग हो जाने के बावजूद सरकार का वजूद कायम रहा, क्योंकि उसने बड़े



पैमाने पर नोट के बदले सांसदों के वोट खरीदे थे। इस मामले में संजीव सक्सेना और सुहैल हिन्दुस्तानी को हिरासत में लिया गया था।इनकी गिरफ्तारी के बाद आए बयानों से जाहिर हुआ था कि सरकार बचाने के लिए वोटों को खरीदने का इशारा शीर्ष नेतृत्व की ओर से हुआ था। क्योंकि सुहैल ने समाजवादी पार्टी के मौजूदा राज्यसभा के सांसद अमरसिंह के साथ सोनिया के राजनीतिक सचिव अहमद पटेल का भी नाम लिया था।वोट के बदले इस नोट कांड में अमर सिंह के खिलाफ चार्जशीट भी दाखिल हुई थी। यही नहीं इस मामले में अमर सिंह और सुधीर कुलकर्णी को प्रमुख षड्यंत्रकारी आरोपित किया गया था। इस मामले में इन लोगों ने संजीव सक्सेना और भाजपा कार्यकर्ता सुहैल हिन्दुस्तानी के साथ 22 जुलाई 2008 को लोकसभा में विश्वास मत के दौरान भाजपा सांसद अशोक अर्गगल, फग्गन सिंह कुलस्ते और महावीर सिंह भगोरा को वोट के बदले घूस दी थी। जिसका लोकसभा में इन सांसदों ने नोटों की गड्डियां लहराकर पर्दाफास किया था। संसदीय परम्परा और नैतिकता की दुहाई देने वाले प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह की सरकार बचाने के लिए यह षड्यंत्र अमर सिंह ने रचा था।मनमोहन सिंह पर कठपुतली प्रधानमंत्री, अमेरिका का पिट्ठू, विश्व बैंक और अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष के हित साधक के आरोप भले ही लगते रहे हों, किंतु उनकी व्यक्तिगत ईमानदारी पर अंगुली कभी नहीं उठी। पर 22 जुलाई 2008 को नेपथ्य में रहकर जिस तरह से उन्होंने राजनीति के अग्रिम मोर्चे पर शिखण्डी और बृहन्नलाओं को खड़ा करके विश्वास मत पर विजय हासिल की उससे कांग्रेस की सत्ता में बने रहने की ऐसी विवशता सामने आई थी, जिसने संविधान में स्थापित पवित्रता, मर्यादा और गरिमा की सभी चूलें हिलाकर रख दी थीं। हमारे निर्वाचित सांसदों में से अनेक ने घूस के लालच में नैतिकता की सभी सीमाएं लांघने का काम स्टिंग ऑपरेशन के जरिए की गई बातचीत में भी किया है। इन्होंने राष्ट्रीय सुरक्षा की भी परवाह नहीं की थी ? 50 हजार जैसी छोटी रिश्वत के लिए भी वे फर्जी विदेशी तेल कंपनी को बिना कोई सोच-विचार किए, भारत-भूमि पर उतारने के लिए तैयार हो गए थे। बिना यह शंका किए कि इस तथाकथित कंपनी का स्वदेशी कंपनियों पर क्या असर पड़ेगा ? अलबत्ता, रोड़ा दूर करने की दृष्टि से पेट्रोलियम मंत्रालय को सिफारिशी पत्र भी लिख दिए थे। लालच और लापरवाही की यह बेखौफ स्थिति एक स्टिंग ऑपरेशन के जरिए सामने आई थी। कई प्रमुख दलों के 11 सांसद रिश्वत का लेन-देन करते हुए गोपनीय कैमरे की आंख में कैद हो गए थे। यह स्टिंग ऑपरेशन वेबसाइट कोबरा पोस्ट के प्रमुख अनिरुद्ध बहल ने किया था। 6 सांसदों ने तो पैसे लेकर चिट्ठी भी लिख दी थीं।राष्ट्र के प्रतीक चिन्ह वाले शीर्षपत्रों पर लिखी ये चिट्ठियां समाचार चौनलों पर दिखाई भी गईं थीं। चिट्ठी लिखने की कीमत सांसदों ने महज 50 से 75 हजार रुपए तक ली थी। इस दौरान किसी भी सांसद ने कंपनी की सच्चाई तक जानने की कोशिश तक नहीं की थी। बल्कि इनमें से कई सांसदों ने तो कंपनी की लॉबिंग के लिए संविधान के पवित्र माने जाने वाले मंदिर, संसद में हुंकार लगाने तक की हामी भर दी थी।इन सांसदों में कांग्रेस,भाजपा,बसपा और अन्नाद्रमुक के सांसद शामिल थे। साफ है,भृष्टाचार की कोई दलीय सीमा नहीं है। कोई वैचारिक विभाजन नहीं है। चोर-चोर मौसेरे भाई हैं। इसके पहले भी कोबरा पोस्ट ने ही इसी प्रकृति के एक और स्टिंग ऑपरेशन को अंजाम दिया था। जिसमें 11 सांसदों पर पैसा लेकर संसद में सवाल पूछने का आरोप लगा था। तब इन सभी सांसदों को संसद ने बर्खास्त कर दिया था। इस ऑपरेशन की गिरफ्त में भाजपा के दिलीप सिंह जू देव, भाजपा के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष बंगारु लक्ष्मण, जया जेटली और छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री अजीत जोगी भी भ्रष्टाचार व अनैतिकता बरतने को तैयार होते हुए कैमरे में कैद कर लिए गए थे। जब इन स्टिंग ऑपरेशन का खुलासा सामाचार चौनलों के पर्दे पर हुआ तो जूदेव छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री बनते-बनते रह गए। अजीत जोगी को कांग्रेस से निलंबित होना पड़ा था। बंगारु लक्ष्मण से भाजपा ने अध्यक्षी छीन ली थी। जया जेटली को रक्षा सौदों के लिए घूस लेते हुए दिखाया गया था, जो तत्कालीन रक्षा मंत्री जार्ज फर्नांडीस से जुड़ी थीं। लिहाजा जॉर्ज को रक्षा मंत्री का पद छोड़ना पड़ा था। दरअसल जब राजनीति का मकसद ऐन-केन-प्रकारेण सत्ता पर काबिज बने रहने और जायज-नाजायज तरीकों से धन कमाने का हो जाए, तब सवाल संसद में प्रश्न पूछने का हो अथवा विश्वास मत के दौरान मत हासिल करने का, राष्ट्र और जनहित गौण हो जाते हैं। प्रजातंत्र के मंदिरों में जो परिदृश्य दिखाई दे रहे हैं, उनसे तो यही जाहिर होता है कि राष्ट्रीय हित अनैतिक आचरण और बाजारवाद की महिमा बढ़ाने में समर्पित किए जा रहे हैं। पीवी नरसिम्हाराव की अल्पमत सरकार से लेकर विश्वास मत के जरिए मनमोहन सरकार को बचाए जाने तक सांसदों का मोलभाव होता है। महुआ मोइत्रा द्वारा पैसे लेकर सवाल पूछने के इस ताजा मामले ने एक बार फिर तय किया है कि संसद में संविधान की शपथ लेने के बाद भी सांसद संविधान और लोकतंत्र की गरिमा से खिलवाड़ करने से बाज नहीं आ रहे हैं। उस समय सर्वोच्य न्यायालय ने कथित आरोपी सांसदों को संविधान के अनुच्छेद 105 में दर्ज प्रावधान के अंतर्गत छूट दी थी।इसमें प्रावधान है कि किसी सांसद द्वारा संसद के भीतर की गई कार्यवाही को न्यायालय में चुनौती नहीं दी जा सकती। फिर चाहे वह कोई टिप्पणी हो ,दिया गया वोट हो या फिर संबंधों से संबंधित हो।ऐसे प्रावधान संविधान निर्माताओं ने शायद इसलिए रखे होगें, जिससे जनप्रतिनिधि अपने काम को पूरी निर्भीकता से अंजाम दे सकें। उन्हें अपनी अवाम पर इतना भरोसा था कि जनता द्वारा निर्वाचित प्रतिनिधि नैतिक दृष्टि से इतना मजबूत तो होगा ही कि वह रिश्वत लेकर न तो अपने मत का प्रयोग करेगा और न ही सवाल पूछेगा ? लेकिन यह देश और जनता का दुर्भाग्य ही है कि जब बच निकलने के ये कानूनी रास्ते सार्वजनिक होकर प्रचलन में आ गए तो सांसद अपने नैतिक और संवैधानिक दायित्व से भी विचलित होने लग गए।किंतु अब श्सीता सोरेन बनाम भारतीय संघश मामले में सुनवाई करते हुए डीवाई चंद्रचूड़ की पांच सदस्यीय पीठ ने इस लेनदेन को गंभीरता से लिया है।पीठ ने कहा है कि सदन में वोट के लिए रिश्वत में शामिल सांसदों और विधायकों के खिलाफ कानूनी प्रक्रिया से बचने की छूट पर पुनर्विचार के लिए सात जजों की पीठ बनाई जाएगी।यह पीठ तय करेगी कि सांसद या विधायक सदन में मतदान के लिए घूस लेता है तो उस पर अदालत में मुकदमा चलेगा अथवा नहीं?यह फैसला 4 अक्टूबर 2023 को सीता सोरेन की याचिका पर सुनाया गया है।

-प्रमोद भार्गव,लेखक/पत्रकार




# शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हुए धामी





इंदौर। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी बुधवार को शपथग्रहण समारोह के लिए मध्यप्रदेश पहुंचे। एमपी पहुंचकर उन्होंने सीएम धामी शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने मध्यप्रदेश के नवनिर्वाचित मुख्यमंत्री को मोहन यादव और उप मुख्यमंत्री को नए उत्तरदायित्व की बधाई दी। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी मध्यप्रदेश में नई चुनी गई सरकार के शपथग्रहण समारोह में शामिल हुए। सीएम धामी ने नवनिर्वाचित मुख्यमंत्री मोहन यादव और उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ला और जगदीश देवड़ा को नए उत्तरदायित्व की बधाई दी। वहीं मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी छत्तीसगढ़ के नव निर्वाचित मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने श्री विष्णुदेव साय के मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने पर हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं दी। भाजपा ने छत्तीसगढ़ में आदिवासी चेहरे विष्णु देव साय को मुख्यमंत्री बनाया है। इसी तरह राजस्थान और मध्य प्रदेश के नतीजे भी चौंकाने वाले हैं। मध्य प्रदेश में बीजेपी ने उज्जैन दक्षिण विधायक मोहन यादव को मुख्यमंत्री बनाया गया है। जबकि राजस्थान में भजनलाल शर्मा को नया मुख्यमंत्री चुना गया है। मुख्यमंत्री पुष्कर धामी ने मध्य प्रदेश छत्तीसगढ़ और राजस्थान के तीनों मुख्यमंत्रियों को शुभकामनाएं दी हैं। मुख्यमंत्री पुष्कर धामी ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कार्य करने वाले आम से आम कार्यकर्ता को भी मौका देते हैं। ये भाजपा में ही संभव है जहां व्यक्ति विशेष नहीं बल्कि पार्टी के लिए समर्पित कार्यकर्ता को मौका दिया जाता है।

# एनडीएमए ने राज्य सरकार से मांगी सिलक्यारा रेस्क्यू ऑपरेशन की रिपोर्ट

देहरादून। उत्तरकाशी के सिलक्यारा में निर्माणाधीन सुरंग में फंसे 41 मजदूरों को सुरक्षित बाहर निकालने का सफल ऑपरेशन आपदा प्रबंधन के लिए बड़ी सीख बनेगा। राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीएमए) ने प्रदेश सरकार से अभियान में शामिल सभी एजेंसियों की भूमिका और सक्रिय भागीदारी के संबंध में रिपोर्ट मांगी है। इस संबंध में सचिव आपदा प्रबंधन डॉ. रंजीत सिन्हा राज्य की सभी एजेंसियों को जानकारी देने के संबंध में पत्र लिखा है। 17 दिन तक चला यह बचाव अभियान देश और दुनिया में अनूठा है। इस बचाव अभियान में सभी मजदूरों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। दिवाली के दिन 12 नवंबर को सुरंग का एक अंदरुनी हिस्सा ढहने से 41 मजदूर फंस गए थे। जिन्हें निकालने के लिए राज्य और केंद्र सरकार की तमाम एजेंसियां जुड़ गईं थीं। कई बाधाओं और अड़चनों के बावजूद टीम वर्क के साथ अभियान सफल हुआ। आज पूरी दुनिया में इस सफल अभियान की खूब चर्चा है। यही वजह है कि केंद्र सरकार ने भी इस बचाव अभियान के दौरान सामने आई चुनौतियों और इनसे निपटने के लिए किए गए उपायों से सीख लेने का फैसला किया है। एनडीएमए के सलाहकार (ऑपरेशन एवं कमांड) कर्नल कीर्ति प्रताप सिंह ने उत्तराखंड सरकार को इस संबंध पत्र भेजकर जानकारी मांगी है। एनडीएमए का मानना है कि एकजुट टीम भावना से संसाधनों और विशेषज्ञता का सही उपयोग से ही जटिल बचाव अभियान सफल



हुआ। यह अभियान इसके महत्वपूर्ण पहलुओं को पहचानने और संहिताबद्ध करने का एक अच्छा अवसर है। माना जा रहा है कि एनडीएमए ऑपरेशन सिलक्यारा की केस स्टडी से भविष्य में इसी तरह की आपदाओं से निपटने की एक कार्य योजना तैयार करेगा। **इन चार बिंदुओं पर मांगी सूचना:** समय-सीमा के अनुसार कितनी जनशक्ति, संसाधन, विशेषज्ञता और तकनीक उपयोग में लाई गई। सामने आई चुनौतियों और उन्हें दूर करने के लिए क्या उपाय किए। नवाचार क्या रहे। ऑपरेशन के दौरान क्या सबक सीखे, वे कौन से क्षेत्र हैं, जिनमें सुधार की आवश्यकता है। भविष्य में इसी तरह की स्थिति से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए सुझाव और सिफारिशें क्या हैं? सचिव आपदा प्रबंधन ने राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, एसडीआरएफ, पेयजल निगम, लोक निर्माण विभाग, वन विभाग, जल संस्थान, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, भूस्खलन न्यूनीकरण एवं प्रबंधन केंद्र और उत्तरकाशी के डीएम और पुलिस अधीक्षक से जानकारी मांगी है।

# सीएफओ ने किया फायर स्टेशन का निरीक्षण



रूद्रपुर (उद संवाददाता)। मुख्य अग्निशमन अधिकारी ईशान कटारिया द्वारा गत दिवस फायर स्टेशन रुद्रपुर का अर्धवार्षिक निरीक्षण किया गया। सर्वप्रथम अग्निशमन अधिकारी गिरीश सिंह बिष्ट द्वारा परेड फालीन कर सलामी दी गई। जिसके बाद सीएफओ श्री बिष्ट ने फायर स्टेशन में उपलब्ध वाहनों, आपदा उपकरणों को चेक किया। उन्होंने आपदा उपकरणों को प्रत्येक कर्मचारी से स्टार्ट कराया। फायर स्टेशन में उपलब्ध वाटर टेंडर व मिनी वाटर टेंडर के होजरील की कार्यशीलता को चेक किया। इसके साथ ही उन्होंने बैरिक, वाचरूम, स्टोर, एमटी स्टोर, कार्यालय, मैस का निरीक्षण किया तथा अभिलेखों की जांच की। तत्पश्चात श्री बिष्ट द्वारा कर्मचारियों का सम्मेलन लिया गया। सभी कर्मचारियों से उनकी समस्या के बारे में पूछा गया तथा अग्निशमन अधिकारी रुद्रपुर को निर्देशित किया गया कि प्रत्येक माह कर्मचारियों का सम्मेलन लिया जाय तथा किसी भी कर्मचारी की कोई समस्या होने पर उसका निस्तारण किया जाए।उन्होंने अग्निकांडों, शीतलहर को दृष्टिगत रखते हुए सतर्क रहने को निर्देशित किया तथा सभी उपकरण व वाहनों को कार्यशील दशा में रखे जाने हेतु निर्देशित किया।

# रिलायंस ज्वेल्स शोरूम में डकैती का मुख्य आरोपी प्रिंस को बिहार में किया गिरफ्तार

देहरादून। देहरादून में नौ नवंबर को राजपुर रोड स्थित रिलायंस ज्वेल्स में हुई डकैती का मुख्य आरोपी प्रिंस कुमार वैशाली बिहार में गिरफ्तार कर लिया गया है। आरोपी को बिहार पुलिस ने दबोचा है। दून पुलिस ने आरोपी पर दो लाख का इनाम घोषित किया था। बिहार गई दून पुलिस की टीम आरोपी से पूछताछ कर रही है। जल्द ही आरोपी को ट्रांजिट रिमांड पर देहरादून लाया जाएगा। विदित है कि नौ नवंबर को राजपुर रोड स्थित रिलायंस ज्वेल्स में हथियारबंद बदमाशों ने 14 करोड़ की डकैती की थी। तब से लेकर अब तक दून पुलिस पुलिस बदमाशों की तलाश में बिहार सहित अन्य प्रदेशों में लगातार दबिश दे रही है। डकैती प्रकरण में अभी तक दून पुलिस आठ आरोपियों को गिरफ्तार कर चुकी है। जिसमें दो



लाख का इनामी विक्रम कुमार भी शामिल है। एसएसपी अजय सिंह ने बताया कि रिलायंस ज्वेल्स लूट प्रकरण में घटना में शामिल मुख्य आरोपी प्रिंस तथा अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए उन्होंने खुद बिहार जाकर एडीजी एसटीएफ बिहार तथा एसएसपी वैशाली के साथ बैठक कर समन्वय स्थापित किया गया था। जांच के दौरान गैंग तथा आरोपियों के संबंध में मिल रही महत्वपूर्ण जानकारियों को लगातार बिहार एसटीएफ तथा बिहार पुलिस के साथ साझा किया जा रहा था। कहा कि दून पुलिस व बिहार पुलिस के बेहतर आपसी सामंजस्य तथा सूचनाओं के आदान-प्रदान से बुध वार को बिहार पुलिस ने देहरादून में हुई लूट की घटना में शामिल मुख्य अभियुक्त प्रिंस को वैशाली बिहार से गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है।

## पेज एक का शेष...

**सुरक्षा में चूक पर ..**व्यवहार' के लिए टीएमसी सांसद डेरेक ओ ब्रायन को शीतकालीन सत्र के बचे हुए भाग के लिए निलंबित करने का प्रस्ताव पारित किया गया। राज्यसभा के सभापति के अनुसार, डेरेक ओ ब्रायन ने सदन के वेल में प्रवेश किया, नारे लगाए और सदन की कार्यवाही बाधित की। इसलिए उन्हें सत्र के बचे हुए दिनों के लिए निलंबित किया जाता है। इससे पहले लोकसभा में भी विपक्षी सांसदों ने जमकर हंगामा किया और नारेबाजी भी की। इस दौरान लोकसभा स्पीकर ओम बिरला ने विपक्षी सांसदों से सदन में अराजकता न फैलाने की अपील की। उन्होंने कहा कि कल की जो घटना है, वो लोकसभा सचिवालय की जिम्मेदारी है। लोकसभा अध्यक्ष के नाते मेरी जिम्मेदारी है। मैं आपके साथ बैठकर चर्चा करूंगा। कल भी चर्चा की थी। फिर चर्चा करेंगे। इससे सरकार का कोई लेना देना नहीं है। ओम बिरला ने कहा, सचिवालय के काम में हस्तक्षेप नहीं करती सरकार, ना हम करने देंगे। वहीं संसद की सुरक्षा में चूक को लेकर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने भी लोकसभा में जवाब दिया था। उन्होंने कहा, कल की घटना की सबने निंदा की है। उन्होंने कहा, हम सभी सांसदों को सावधानी बरतने की जरूरत है कि हम ऐसे लोगों को पास न दें, जो भवन के अंदर अराजकता पैदा कर दें।मामले की जांच का आदेश दिए गये हैं। अन्य जो कदम उठाने चाहिए, वे भी उठाए जाएंगे। ताकि भविष्य में ऐसी घटना न हो। अब सदन के अंदर अराजक स्थिति पैदा करने का कोई औचित्य नहीं है।

**संसद भवन के आसपास..** पास बनाने पर रोक लगा दी गई है। इसके अलावा संसद के अंदर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। टोपी और जूते निकलवा कर चेकिंग की जा रही है। बता दें बुधवार को लोकसभा की कार्यवाही के दौरान दो युवक दर्शक दीर्घा से कूद गए थे। ये दोनों शख्स एक बेंच से दूसरे बेंच पर भागने लगे। तभी एक शख्स ने जूते से निकालकर कोई पीले रंग की गैस स्प्रे कर दी। इस दौरान संसद में अफरा-तफरी मच गई। सांसद यहां-वहां भागने लगे। हालांकि कुछ सांसदों ने इन्हें पकड़ लिया और सुरक्षाकर्मियों के हवाले कर दिया। लोकसभा के अंदर जब दो लोग कूदे, तभी संसद के बाहर पुलिस ने प्रदर्शन करते हुए एक पुरुष और एक महिला को गिरफ्तार किया है। दोनों कनस्तरों से कलर गैस का छिड़काव कर रहे थे और नारे लगा रहे थे। दोनों की पहचान अमोल और नीलम के रूप में हुई। सुरक्षा में ये चूक ससंद पर आतंकवादी हमले की 22वीं बरसी के मौके पर हुआ। शुरुआती जांच में पता चला है कि सभी एक-दूसरे को जानते थे। सभी सोशल मीडिया के जरिए एक दूसरे के संपर्क में आए थे और घटना की योजना बनाई थी। पुलिस ने सागर, मनोरंजन, अमोल और नीलम को हिरासत में ले लिया है। जबकि एक अन्य आरोपी विशाल को गुरुग्राम से गिरफ्तार किया गया है। विशाल के घर पर ही सभी आरोपी संसद पहुंचने से पहले रुके थे। एक अन्य आरोपी ललित की तलाश की जा रही है।

**बिंदूखेड़ा में पकड़ा..**जिस पर पुलिस ने पीछा कर उसे पकड़ लिया। पूछताछ करने पर उसने अपना नाम पता हरजिन्द्र पुत्र विकास प्रसाद निवासी ग्राम रायपुर बताया। पुलिस ने मौके से रबड टयूब मे भरी लगभग 70 लीटर कच्ची शराब, व शराब बनाने के उपकरणों को अपने कब्जे में लेकर शराब भट्टी तथा लाहन को नष्ट कर दिया। हरजिन्दर ने पुलिस को बताया कि उसका भाई सुरेन्द्र भी शराब की भट्टी लगाकर शराब निकाल रहाँ है । जिस पर पुलिस टीम ने आगे जाकर भट्टी पर अवैध शराब बना रहे सुरेन्द्र प्रसाद पुत्र विकास प्रसाद निवासी ग्राम रायपुर को भी गिरफ्तार कर लिया । पुलिस ने मौके से रबड टयूब मे भरी लगभग 70 लीटर कच्ची शराब, व शराब बनाने के उपकरणों को अपने कब्जे में लेकर शराब भट्टी तथा हजारों लीटर लाहन को नष्ट कर दिया। पुलिस ने दोनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

**उपमहापौर चुनाव का ..** तथा कोटद्वार का गठन 2017 में हुआ लेकिन पार्षदों का चुनाव 2018 में हुआ। पार्षदों के चुनाव के बाद तथा 2020 में इसमें भी उप महापौर/डिप्टी मेयर चुना जाना चाहिये था लेकिन कार्यकाल समाप्त होने तक भी यह चुनाव नहीं कराये गये है तथा पार्षद दो बार डिप्टी मेयर चुने जाने व चुनने के अधिकार से वंछित है। राज्य निर्वाचन आयोग के लोक सूचना अधिकारी ने श्री नदीम को चुनाव न कराने का कोई कारण तो नहीं बताया है लेकिन आयोग द्वारा सचिव शहरी विकास, उत्तराखंड शासन को भेजे पत्रों की प्रतियां उपलब्ध करायी है जिसमें इन पदों के आरक्षण की अधिसूचना उपलब्ध कराने की अपेक्षा की गयी है।

**नजूल नीति की ...**भूमि का नियमितीकरण रूद्रपुर शहर के लिए हर चुनाव में बड़ा मुद्दा होता है। पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल ने इस मुद्दे का समाधान नहीं होने पर चुनाव न लड़ने का ऐलान तक कर दिया था। वहीं निवर्तमान मेयर रामपाल भी इस मुद्दे पर यह शपथ ली थी कि जब तक मालिकाना हक नहीं मिलेगा तब तक वह मेयर की कुर्सी पर न बैठकर दूसरी कुर्सी पर बैठकर काम करेंगे। हालाकि 50 वर्ग मीटर तक की भूमि पर काबिज गरीब परिवारों को मालिकाना हक देने के लिए प्रशासन की ओर से लगातार काम किया जा रहा है लेकिन इन्हें भी प्रशासन अभी तक पट्टे आवंटित नहीं कर पाया है। दूसरी तरफ 50 वर्ग मीटर से अधिक भूमि पर काबिज लोग सरकार की नीति का कोई लाभ नहीं उठा पाये हैं। सैकड़ों लोगों ने पूर्व में फ्रीहोल्ड की पहली किस्त भी जमा कर दी थी लेकिन नई नीति के जटिलताओं के कारण नजूल नीति पर मालिकाना हक प्राप्त करना लोगों के लिए मुश्किल हो रहा है। अब लोगों को

**सुरक्षा से जुड़े ..** तक सरकार द्वारा 3 बड़े एक्शन लिए गए हैं। जिसमें पहला लोकसभा सचिवालय के आठ सुरक्षाकर्मियों का निलंबन, दूसरा गृह मंत्रालय ने इस मामले की जांच के लिए उच्च स्तरीय कमेटी का गठन किया है जबकि दिल्ली पुलिस स्पेशल सेल द्वारा आतंकवाद विरोधी धाराओं के तहत सख्ती से मामले की जांच कर रही है।

# पत्नी को देह व्यापारियों के चंगुल से छुड़ाने की गुहार

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। एक व्यक्ति ने एसएसपी कार्यालय में दिए शिकायती पत्र में अपनी पत्नी को देह व्यापार करने वाली महिला के चंगुल से मुक्त करने की गुहार लगाई है। पत्र में व्यक्ति ने कहा है कि उसका विवाह वर्ष 2008 में जिला बरेली निवासी युवती से हुआ था। विवाह के उपरान्त 2013 में पुत्र ने जन्म लिया। उसके विरूद्ध एक मुकदमा बरेली के न्यायालय में डाला था और वह मुकदमा उसके पक्ष में खारिज हो गया। उसकी पत्नी ट्राजिट कैम्प में बच्चे के साथ रह रही थी। जहां से उसे 1-5-2023 को जेवर, 1.42 लाख रूपये कपडे आदि सहित जिला रामपुर निवासी व्यक्ति बहला-फुसला कर अपने साथ ले गया और उसे काशीपुर क्षेत्र निवासी एक महिला के मकान में ले जाकर बेच दिया है। महिला अपने मकान में कई लडकियों के अपने घर में बंद करके धंधा कराती है। उसका कहना है जब वह अपनी पत्नी व बच्चे को लेने के लिये उस मकान में गया तो महिला व उसकी पत्नी मिली। महिला ने अपने साथियों से चाकू दिखाकर मारपीट करवाई और पत्नी को सौपने के पहले 2.50 लाख रूपये मांगे। जब उसने रूपये देने से मना किया तो उसे जान से मारने की धमकी देकर भगा दिया। उसने बताया घटना की शिकायत करने पुलिस चौकी टांडा व थाना कोतवाली काशीपुर में गया। लेकिन उसकी शिकायत कहीं नही ली गई और पुलिस वालो ने ज्यादा यहां आने पर जेल भेज देने की धमकी दी। अब उसकी पत्नी उस पर झुठे आरोप लगा कर मुकदमें दर्ज कर रही है। इनसे जान का खतरा बना हुआ है।

जगदीश
कलर लैब
टंडन फोटो स्टूडियो
पासपोर्ट फोटो तुरन्त प्राप्त करें
जनरेटर सुविधा भी उपलब्ध है।
मोबाइल, चिप, डिजिटल कैमरा, पेन ड्राइव, सीडी आदि डिजिटल कार्य तुरन्त बनवायें।
काशीपुर बाईपास रोड,
गुरूनानक कन्या इण्टर कालेज के सामने गली में, रुद्रपुर
E-mail: jagdishcolourlab@gmail.com
Web: jagdishcolourlab.com
05944-246817

संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक-परमपाल सुखीजा समाचार सम्पादक-जगदीश चन्द्र
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

# बार के चुनाव में नॉन प्रैक्टिशनर निभाएंगे निर्णायक भूमिका!

## सरगर्मियां तेज, खोखले वादों की फिर लगी झड़ी



-मनोज श्रीवास्तव-

काशीपुर। बार एसोसिएशन के द्विवार्षिक चुनाव को लेकर यहां सरगर्मियां काफी तेज हो गई है। विभिन्न पदों के लिए भाग्य आजमाइश कर रहे उम्मीदवारों ने वोटरों को अपने-अपने पक्ष में मतदान करने के लिए एड़ी चोटी का जोर लगाना शुरू कर दिया है। काशीपुर बार एसोसिएशन के चुनाव में इस बार लगभग 800 वोटर प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला करेंगे। चुनाव की तिथि का निर्धारण आज हो जाएगा लेकिन माना जा रहा है कि बार एसोसिएशन का चुनाव 23 दिसंबर को संपन्न होगा और इसी दिन देर शाम तक नतीजे भी आम कर दिए जाएंगे। इस बारे में जब काशीपुर बार एसोसिएशन की पूर्व संयुक्त सचिव श्रीमती सिंधु आकाश से बातचीत करने का प्रयास किया गया तो उन्होंने बताया कि वर्ष 2023 के चुनाव में यानी संपन्न होने जा रहे चुनाव में निर्णायक भूमिका नॉन प्रैक्टिशनर की होगी। उन्होंने बताया कि लगभग 300 के करीब नॉन प्रैक्टिशनर ऐसे अधिवक्ताओं को मेंबरशिप दी गई है जिनका न्यायिक कार्यों से कोई वास्ता ही नहीं है। ज्ञातव्य है कि काशीपुर बार एसोसिएशन के द्विवार्षिक चुनाव में अध्यक्ष पद के लिए तीन, सचिव के लिए दो, उपाध्यक्ष पद के लिए दो उम्मीदवारों के नाम अभी तक सामने आए हैं। इस तरह कार्यकारिणी सदस्य समेत कुल आठ पदों पर चुनाव संपन्न होने हैं। इन्हीं आठ पदों पर चुनाव के लिए अधिवक्ताओं के बीच घमासान मचा है। एसडीएम कोर्ट में सीनियर अधिवक्ताओं के बीच जाकर जब उनसे बार एसोसिएशन के चुनाव बाबत चर्चा करते हुए यह जानने का प्रयास किया गया कि इस बार नेतृत्व की कमान किसके हाथ लग सकती है अधिकांश अधिवक्ताओं ने जवाब में कहा कि प्रमुख पदों पर अब तक जो नाम सामने आए हैं वह उनकी समझ से परे हैं।

### प्रमुख पदों पर जोर आजमाईश देर रात तक चल रही है पार्टी

काशीपुर। बार एसोसिएशन का चुनाव जैसे-जैसे करीब आता जा रहा है प्रमुख पदों पर भाग्य आजमाइश कर रहे उम्मीदवारों ने मुर्गा दारू का भंडारा खोल दिया है। सूत्रों की माने तो नित्य प्रति सांझ ढलते ही मांसाहारी खाद्यान्न की बीच शराब की बोतलें खुल जाती है। इसके इधर कुछ प्रबुद्ध अधिवक्ताओं ने साथी बंधुओ से अपील किया है कि उनका मत बेशकीमती है। शराब और कबाब के प्रभाव में आकर अपने अधिकार का दुरुपयोग ना करें ऐसा प्रयास होना चाहिए।

### ज्वलंत समस्याओं का आज तक नहीं हो सका निराकरण

काशीपुर। पास्को कोर्ट, गैंगस्टर कोर्ट, चालान, अधिवक्ताओं के बैठने के लिए उचित चेंबर के अलावा और भी ऐसी तमाम समस्याएं हैं जिनका आज तक निराकरण ही नहीं हो सका। एक सीनियर अधिवक्ता ने बातचीत में कहा कि चुनाव के वक्त इन्हीं ज्वलंत समस्याओं को मुद्दा बनाकर जंग फतह कर ली जाती है और बाद में किए गए वादे को लोग बहुत आसानी से नजरअंदाज कर देते हैं।

### कुमाऊं की सबसे बड़ी बार में शुमार है काशीपुर बार

काशीपुर। वर्ष 1912 से वर्ष 1920 तक पूरे 8 वर्ष भारत रत्न पंडित गोविंद बल्लभ पंत काशीपुर बार एसोसिएशन के पहले अध्यक्ष पद पर सुशोभित रहे। इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि काशीपुर बार एसोसिएशन का इतिहास कितना पौराणिक है। पंत जी की वजह से ही अंग्रेजी हुकूमत के अफसर काशीपुर को गोविंदगढ़ कहते थे। काशीपुर बार एसोसिएशन कुमाऊँ मंडल की सबसे महत्वपूर्ण और बड़ी बार में शुमार है।

## कड़ाके की ठंड में फुटपाथों पर सो रहे निराश्रित लोगों को रैन बसेरों में पहुंचाया

हल्द्वानी(उद संवाददाता)। जिले के मैदान समेत पहाड़ी इलाकों में ठंड का प्रकोप बढ़ते जा रहा है । आम जनता और असहाय लोगों को ठंड के सीजन में किसी प्रकार की परेशानी नहीं हो इसके लिए शासन प्रशासन ने पूरी तैयारी कर ली है। जिलाधिकारी वंदना सिंह ने बताया कि गरीब, निर्धन और असहाय लोगों को किसी प्रकार की परेशानी नहीं हो इसके लिए प्रशासन ने रैना बसेरा और सभी इलाकों में अलाव की व्यवस्था की है। साथ ही उन्होंने विभागीय अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि जिले में कोई भी असहाय फुट पाथ पर सोता हुआ दिखाई दे तो वह नगर निगम,नगर पालिका, पंचायत की टीम को सूचित कर सकते हैं । जिससे प्रशासन के माध्यम से असहाय लोगों के रहने की उचित व्यवस्था की जाएगी। इसी क्रम में हल्द्वानी में बुधवार देर रात्रि नगर निगम हल्द्वानी काठगोदाम क्षेत्रांतर्गत विगत रात्रि सड़क के किनारे



इस कड़ाके की ठंड में खुले में सो रहे निराश्रित लोगों (3 महिलाएं एवं 2 पुरूष) को हल्द्वानी स्थित रैन बसेरों में नगर निगम अधिकारियों और कर्मचारियों द्वारा स्थानांतरित किया गया। नगर निगम आयुक्त पंकज उपाध्याय और अपर सहायक नगर आयुक्त गणेश भट्ट ने कहा कि नगर में कोई भी असहाय फुट पाथ पर सोता हुआ दिखाई दे तो, वह नगर निगम की टीम को सूचित कर सकते है, उनके रेन बसेरे की व्यवस्था की हुई है। जिससे ठंड के सीजन में असहाय लोगों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना नहीं करना पड़े।वहीं नगर पंचायत लालकुआं के रैनबसेरा में अधिशासी अधिकारी एवं तहसीलदार द्वारा निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने तहसील लालकुआं में निराश्रित लोगों को रैनबसेरे में रखने की व्यवस्था का जायजा लिया।

## विधायक ने प्राचीन चामुंडा मन्दिर में किया भवन निर्माण का भूमि पूजन

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। विधायक शिव अरोरा ने खेड़ा स्थित प्राचीन चामुंडा मन्दिर में विधायकनिधि से भवन निर्माण कार्य का भूमि पूजन कर आधारशिला रखी। चामुंडा मन्दिर जिसकी बहुत प्राचीन मान्यता है जहाँ प्रतिवर्ष बगुलामुखी का यज्ञ होता है जिसमें आस पास के लोग बढ़ चढ़ कर हिस्से लेने पहुँचते हैं, वही प्राचीन मंदिर जिसमें आजादी के बाद से आज तक कभी कोई विकास कार्य नही हुआ । जैसे ही मंदिर कमेटी व मन्दिर में भवन निर्माण का विषय विधायक शिव अरोरा के समक्ष रखा तो उन्होंने अविलंब इसमें भवन निर्माण करने की स्वीकृति प्रदान की। जिसका भूमिपूजन कार्य विधायक शिव अरोरा द्वारा किया गया।इस अवसर पर उन्होंने कहा हमारे धार्मिक स्थल भव्य दिव्य नजर आएं यह हम सभी का दायित्व है और हमारे समाज के लोगों को जनभागीदारी द्वारा इसको और भव्य आकार देने के लिये सेवा भाव के रूप में



आगे आना चाहिए। यहाँ महिला सभा द्वारा भी समय समय पर धार्मिक आयोजन होते रहते हैं और इसकी मान्यता बहुत प्राचीन है। इस दौरान दूधिया बाबा शिवानंद जी महाराज, संघ के जिला कार्यवाह समरपाल, धर्म जागरण संयोजक मुकेश पारीक, संतोष पाल, पिंटू पाल, मुकेश पाल, किशन, चन्द्र पाल, लाखन सिंह, मंडल अध्यक्ष धर्म सिंह कोली, योगेश वर्मा, भीमसेन गुप्ता, सुनील यादव, गुड्डू पासवान, नमन चावला, सुनील बाल्मीकि, विक्की वाल्मीकि, सुशील यादव, रमेश पाल, मयंक कक्कड़, रवि दिवाकर, विपुल नारंग व अन्य लोग मौजूद रहे।